हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 33.6 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

10 निकुम सोसायटी में फिर से गबन, 116 क्विंटल...



11 ढहाए जाने की सूची में नहीं खैरझिटी का जर्जर ...





खबर संक्षेप

## 30 पौवा देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** उतई पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 पौवा देशी मसाला शेरा शराब जब्त की है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 3 हजार रुपये बताई गई है।
पुलिस के अनुसार, 16 जुलाई को थाना उतई पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि चंदरिया नाला, पतोरा क्षेत्र में एक युवक अवैध रूप से शराब बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम धनेश्वर यादव (25 वर्ष) निवासी जवाहर चौक, शीतला पारा, ग्राम सेलूद, थाना उतई, जिला दुर्ग बताया। तलाशी के दौरान उसके पास रखी प्लास्टिक की बोरी से 30 पौवा देशी मसाला शेरा शराब 5.4 बल्क लीटर बरामद हुई। थाना उतई में आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) में मामला दर्ज किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

### ऑक्सीजन सिलेंडर लदे खड़े ट्रैक्टर से टकराई स्कूटी, 4 की गई जान

# एक स्कूटी पांच सवार, हुआ बड़ा हादसा हाईवे पेट्रोलिंग, थाने, सीसीटीवी किस काम के ?

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

कुम्हारी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसा

भिलाई 3 से एक ही स्कूटी में सवार होकर दो महिला तीन बच्चे रायपुर के लिए निकलते है। लेकिन रायपुर पहुंचने से पहले कुम्हारी में उनकी तेज रफ्तार स्कूटी, खड़े ट्रक जा भिड़ती है। इसमें मौके पर ही दो महिला, दो बच्चों सहित चार की मौत हो जाती है। इस हादसे के पीछे ट्रैफिक नियमों का घोर उल्लंघन तो है, लेकिन सवाल इस उल्लंघन को रोकने वाली व्यवस्था पर भी है। आखिर दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी थाने, पुलिस चौकियों, ट्रैफिक सिग्लन्स, हाईवे पेट्रोलिंग, सीसी टीवी को धता बताकर कुम्हारी तक पहंचती कैसे हैं?

जानकारी के अनुसार भिलाई-3 निवासी अमृत निर्मलकर (28) स्कूटी से अपने परिजनों के साथ रायपुर के बसंत विहार स्थित मामा के घर जा रही थीं। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऑक्सीजन सिलेंडर से लदे खड़े ट्रैक्टर सीजी 07 एनए 0930 के पीछे उनकी स्कूटी जा टकराई। हादसे में अमृत निर्मलकर (28) पति लोकेश, लक्ष्मी निर्मलकर (26) पति बबला, याचना (7) पिता लोकेश और डाली (4) पिता बबला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 8 वर्षीय भावेश पिता लोकेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया है। अमृत और लक्ष्मी दोनों सगी बहन हैं और मायका जामुल थाना अंतर्गत घासीदास नगर में है। अमृत का ससुराल सोमनी और लक्ष्मी का ससुराल धौराभाठा है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। चालक भोला यादव को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला मर्चुरी भेज दिया गया है। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### ड्यूटी पर था पति, मिली पत्नी और बेटी की मौत की खबर

दर्दनाक सड़क हादसे के बाद लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल की मर्चुरी में मातम का माहौल देखने को मिला। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन अस्पताल पहुंच गए। अपनो को खोने के गम में परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। मौके पर छावनी सीएसपी समेत पुलिस बल भी तैनात रहा। मृतका अमृत निर्मलकर के पति लोकेश ने बताया कि वह सोमनी में रहते हैं। हादसे के समय वह ड्यूटी पर थे। उनकी पत्नी ने फोन कर बताया था कि वह बच्चों को लेकर रायपुर के बसंत विहार स्थित अपने मामा के घर जा रही हैं। कुछ ही देर बाद दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वह सीधे सुपेला अस्पताल पहुंचे, जहां पत्नी और बेटी की मौत की खबर मिली। उन्होंने बताया कि परिवार ने करीब एक माह पहले ही नई स्कूटी खरीदी थी। लोकेश ने बताया कि दूसरी मृतका लक्ष्मी निर्मलकर उनकी पत्नी की सगी बहन थीं। लक्ष्मी के पति बबला भिलाई-3 में लॉन्ड्री का काम करते हैं। इस हादसे में दोनों बहनों और उनके दो मासूम बच्चों की मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।



हादसे में मृत अमृत निर्मलकर और बेटी याचना। साथ में भावेश , जिन्हें घायल अवस्था में एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया है।

### 5 लोग थे स्कूटी पर, नहीं पहना था हेलमेट

सड़क हादसे में पुलिस की प्रारंभिक जांच में कई पहलू सामने आए हैं। छावनी सीएसपी के अनुसार स्कूटी पर एक साथ पांच लोग सवार थे। किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था और स्कूटी तेज रफ्तार में चल रही थी। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऑक्सीजन सिलेंडर से लदे खड़े ट्रैक्टर के पीछे स्कूटी सीधे जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो सगी बहनों और उनके दो मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्चा घायल है।

### सड़क पर खड़े वाहन बन रहे हादसों का कारण

इस सड़क हादसे ने एक बार फिर नेशनल हाईवे की बड़ी लापरवाही को उजागर कर दिया है। हाईवे पर घंटों तक ट्रक, ट्रैक्टर और भारी वाहन खड़े रहते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिना सुरक्षा इंतजाम के सड़क पर वाहन खड़ा करना गंभीर खतरा पैदा करता है, लेकिन इसके बावजूद कई जगहों पर सड़क किनारे भारी वाहन खड़े दिखाई देते हैं। ऐसे वाहनों पर नियमित कार्रवाई नहीं हो रही। लोग हादसों के शिकार हो रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस को भी हाईवे पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### चालाक गिरफ्तार

ट्रैक्टर चालक भोला यादव उम्र 43 वर्ष पिता हरीश राम यादव, निवासी भिलाई 3 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।



# शाम की बारिश ने ट्विनसिटी को दी राहत, येलो एलर्ट जारी

### जिले में अब तक 293.9 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ट्विनसिटी को शाम की बारिश ने राहत दी। गुरुवार को दिनभर बदली और धूप का खेल चला लेकिन बारिश नहीं हुई। शाम करीब 5 बजे हल्की बूंदाबांदी के साथ बारिश शुरू हुई। बीच-बीच में तेज बारिश भी हुई। इस बारिश ने लोगों को उमसभरी गर्मी से काफी राहत पहुंचाई। मानसूनी बारिश का इंतजार कर रहे लोगों के लिए यह बारिश नाकाफी है लेकिन ऐसा लगने लगा है कि मानसून फिर से सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने मानसून के ब्रेक होने की बात कही थी। उसके बाद 10 दिनों से अच्छी बारिश का इंतजार हो रहा है। बुधवार की शाम भी इसी तरह हल्की बारिश हुई थी। लेकिन यह बारिश केवल कुछ जगहों पर ही हुई।

### अब तक हो चुकी है 293.9 मिमी औसत वर्षा

मौसम विभाग मानसूनी सीजन 1 जून 2026 से मानता है। दुर्ग जिले में अब तक यानी 16 जुलाई तक 293.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। नार्मल औसत बारिश पिछले साल इस समय तक 358 मिलीमीटर हो चुकी थी। इस तरह 15 मिलीमीटर औसत बारिश कम हो पाई है। जिले में जून और जुलाई के आधा महीने तक बारिश नहीं हो पाई। इसलिए खेती किसानी पिछड़ गई है।

### सबसे ज्यादा बारिश बोरी तहसील में

कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 412.1 मिमी तहसील बोरी में तथा न्यूनतम 202.0 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 320.4 मिमी, तहसील पाटन में 310.6 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 265.7 मिमी और तहसील अहिवारा में 252.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 16 जुलाई को तहसील दुर्ग में 0.6 मिमी, तहसील धमधा में 0.9 मिमी, तहसील पाटन में 0.0 मिमी, तहसील बोरी में 35.5 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 20.7 मिमी और तहसील अहिवारा में 17.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### आज भी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी उत्तर उड़ीसा-पश्चिम बंगाल तक के पास स्थित है । इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके और अधिक प्रबल होकर एक चिन्हित निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में परिवर्तित होने तथा उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर उड़ीसा और गंगेटिक पश्चिम बंगाल की ओर पहुंचने की संभावना है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे लगे बिहार के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है ।

## चाकू दिखाकर छात्रों से मोबाइल और नगदी लूटने वाले आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब गार्डन में छात्रों को चाकू की नोक पर डराकर नगदी और मोबाइल फोन लूटने वाले एक आरोपी और एक नाबालिग बालक को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है, जबकि अपचारी बालक के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार 15 जुलाई को प्रार्थिया ने थाना सुपेला में शिकायत दर्ज कराई कि उसका भतीजा एम लक्ष्मण रेड्डी अपने दोस्तों निशांत साहू और दिलेश वारिक के साथ स्कूल से लौटते समय नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब गार्डन में रुका था। इसी दौरान तीन युवक वहां पहुंचे और खुद को क्षेत्र का दादा बताते हुए धारदार हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए छात्रों से नगदी और मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर थाना सुपेला में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर शिवा नाग उम्र 18 वर्ष 5 माह, निवासी रेशने आवास, अंबेडकर भवन के सामने, नेहरू नगर, सुपेला तथा नाबालिग बालक को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने राह चलते छात्रों को भयभीत कर धारदार हथियार के बल पर नगदी और मोबाइल लूटने की नीयत से वारदात को अंजाम दिया था। मामले में तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।




## आधी रात तेज आवाज में डीजे बजाना पड़ा महंगा, पुलिस ने डीजे वाहन किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर में ध्वनि प्रदूषण और सार्वजनिक शांति भंग करने वालों के खिलाफ दुर्ग पुलिस ने कार्रवाई की है। थाना पद्मनाभपुर पुलिस ने देर रात तेज आवाज में डीजे बजाकर कोलाहल फैलाने वाले एक डीजे वाहन को जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार 16 जुलाई की रात करीब 12.30 बजे रात्रिकालीन गश्त के दौरान सिविल लाइन क्षेत्र में एक आयशर वाहन क्रमांक सीजी 07 सीजेड 5690 में तेज ध्वनि में डीजे बजाया जा रहा था। तेज आवाज के कारण आसपास के क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण फैल रहा था और सार्वजनिक शांति प्रभावित हो रही थी। पुलिस ने तत्काल वाहन को रोककर जांच की और कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 10 के तहत कार्रवाई करते हुए डीजे उपकरण सहित आयशर वाहन को जब्त कर लिया।

डीजे वाहन के संचालक की पहचान वसीम (38 वर्ष), निवासी जलेबी चौक, भिलाई के रूप में हुई। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात्रिकालीन गश्त के दौरान ऐसी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों और आयोजकों के खिलाफ नियमानुसार सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस लगातार जांच कर रही है।




### नौकरी लगाने के नाम ठगी

**भिलाई।** चन्दूलाल चंद्राकर अस्पताल कचांदूर और जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती नौकरी लगाने के नाम पर बड़ी ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने श्री शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी अटेण्डर विज्जू चंद्रा पिता भुबन चन्द्रा के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया स्वेच्छा रानी पिता तारन सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी सिकोला भाठा दुर्ग ने चौकी स्मृतिनगर थाना सुपेला में अपनी शिकायत में बताई कि वर्ष 2022 में उनके साथ श्रीशंकराचार्य अस्पताल जुनवानी में काम करने वाला अटेण्डर विज्जू चंद्रा पिता भुबन चन्द्रा निवासी डौंडीलोहारा जिला बालोद के द्वारा शासकीय नौकरी लगाने के नाम से नगद एवं ऑनलाईन के माध्यम से कुल 10,55,698 रुपए छलपूर्वक प्राप्त कर धोखाधड़ी किया है। बिज्जू ने चन्दूलाल चंद्राकर अस्पताल कचांदूर और जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती कराने के लिए नगद 4.72 लाख रुपए लिया और ऑनलाइन 5,83,698 रुपए लिया है। नौकरी के लिए पूछने पर बिज्जू चंद्रा के द्वारा टालमटोल कर नम्बर ब्लॉक कर दिया।



**खबर संक्षेप**

### अहिवारा में विकास के लिए 44.99 लाख मंजूर

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 6 विकास कार्यों के लिए कुल 44.98 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा होगी। धमधा के गोढ़ी में तीन डोमशेड निर्माण नव ज्योति सोसायटी भाटापारा के पास, मातर गौरा पंचायत से लगे मंच के पास तथा गांधी चौक राम मंदिर के पास स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रत्येक कार्य के लिए 4.99 लाख की स्वीकृत दी गई है। परसदा, पोटिया तथा अछोटी में सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु प्रत्येक कार्य के लिए 10-10 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### अनुज्ञप्ति व्यवसाय पर निगम की कार्रवाई



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह के निर्देश पर जोन 1 के वार्ड क्रमांक-17 स्थित आकाशगंगा मंडी क्षेत्र में सड़क बाधा एवं बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) व्यवसाय संचालित करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर चलानी कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ व्यापारियों द्वारा अपनी दुकानों के सामने सड़क पर सामग्री एवं वाहन खड़े कर आवागमन में बाधा उत्पन्न की जा रही थी। निगम की टीम ने संबंधित व्यापारियों को भविष्य में सड़क पर ट्रक एवं अन्य सामग्री खड़ी नहीं करने तथा यातायात बाधित न करने की समझाइश दी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सड़क बाधा शुल्क एवं बिना अनुज्ञप्ति व्यवसाय के मामले में कुल 1900 रुपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान राधेलाल चौहान, मनोज सोनकर, राजा गुप्ता (सब्जी एजेंट), राजकुमार गुप्ता एवं फरबन आलम (कपड़ा ठेला) पर सड़क बाधा के लिए 100-100 रुपये, रामचन्द्र (प्याज विक्रेता) एवं कांडेवाला (प्याज विक्रेता) पर 200-200 रुपये तथा धनेश कुमार साहू की मोबाइल शॉप पर बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) व्यवसाय संचालित करने पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। नगर निगम ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक सड़कों एवं मार्गों पर अतिक्रमण या बाधा उत्पन्न न करें तथा आवश्यक अनुज्ञप्ति प्राप्त कर ही व्यवसाय संचालित करें।

### डाक कांवड़ यात्रा कल

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 18 अगस्त सोमवार को डाक कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि सुबह 6 बजे महावीर उद्यान से शिवनाथ नदी के लिए रवाना होगे जहां से जल लेकर दौड़ते हुए गंज पारा, कचहरी चौक, महाराजा चौक से बोरसी फिर धनोरा मे गोल्डन चौक से मेन गली बाजार चौक होते हुए महावीर उद्यान पहुंचकर शिव जी मे जल चढ़ाएंगे। दोपहर से रुद्राभिषेक के बाद खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# दुर्ग, बालोद, बेमेतरा जिले के 6.90 लाख से अधिक घरों में लगे स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के लगभग 9 लाख 80 उपभोक्ताओं में से कुल 6 लाख 90 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि विद्युत रीजन दुर्ग के तीनों जिलों दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा के लगभग 82 प्रतिशत लोगों के घरों में आधुनिक स्मार्ट बिजली मीटर लग चुके हैं, जिससे वे नई व्यवस्था का सीधा लाभ उठाना शुरू कर चुके हैं। अब उपभोक्ता हर आधे घंटे में कितनी यूनिट बिजली की खपत हुई उसका रिकार्ड देख सकेंगे, जिससे विद्युत का किफायत से उपयोग किया जा सकेगा। स्मार्ट मीटर में पोस्टपेड एवं प्रीपेड की सुविधा है जिसमें प्रीपेड की सुविधा लेने पर हर साल जमा की जाने वाली सुरक्षा निधि से उपभोक्ताओं को मुक्ति मिल जाएगी। बैंक अकाउंट की तरह अब उपभोक्ता के फोन पर बिजली का पूरा हिसाब मौजूद रहेगा।

## उपभोक्ता हर आधे घंटे में कितनी यूनिट बिजली की खपत हुई, मिलेगी जानकारी

### विभागीय संभाग में लगे मीटर

विद्युत रीजन दुर्ग के अंतर्गत विभागीय संभाग भिलाई शहर पश्चिम में 77487, भिलाई पूर्व संभाग में 56648, दुर्ग शहर संभाग में 70018, बालोद संभाग में 133988, दुर्ग संभाग में 100782, बेमेतरा संभाग में 66418, साजा संभाग में 62417, अहिवारा संभाग में 61817 एवं पाटन संभागें 60452 निम्नदाब उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मीटर की कार्यक्षमता और बिलिंग को लेकर दुर्ग एवं बेमेतरा जिले के 21 उपभोक्ताओं द्वारा की गई शिकायतों के बाद उन सभी मीटरों की गहन जांच मीटर लैब में कराई गई। जांच में यह पुष्टि हुई है कि मीटरों में किसी भी प्रकार की कोई तकनीकी खराबी या त्रुटि नहीं है, जो स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली की पारदर्शिता को प्रमाणित करती है।



### पुराने बदलना अनिवार्य

श्री सेलट ने बताया कि विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा जारी विद्युत (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियमन 2020, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के द्वारा जारी मीटरिंग कोड एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाये गये नियमों के पालन में प्रदेश के सभी निम्नदाब उपभोक्ताओं के यहां पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटरों से बदलना अनिवार्य है। यह कार्य भारत सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त निर्देशों पर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत किया जा रहा है।

### स्मार्ट मीटर में है खूबियां

सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि स्मार्ट मीटर की प्रमुख खूबी इसकी रीयल टाइम डेटा मॉनिटरिंग है, जो उपभोक्ताओं को मोर बिजली एप के माध्यम से प्रतिदिन की खपत ट्रैक करने की सुविधा देती है। इसके माध्यम से उपभोक्ता यह देख सकते हैं कि वे किस समय सबसे अधिक बिजली खर्च कर रहे हैं, जिससे उन्हें अपनी खपत कम करने और बिजली बिल बचत करने में मदद मिलती है। स्मार्ट मीटर में अब मानवीय त्रुटियों की संभावना शून्य हो गई है। कार्यपालक निदेशक ने कहा कि स्मार्ट मीटर का मुख्य उद्देश्य बिलिंग को अधिक सटीक और पारदर्शी बनाना है। विभाग यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि किसी भी उपभोक्ता को गलत बिल का भुगतान न करना पड़े। उन्होंने कहा कि विभाग उपभोक्ताओं की शिकायतों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है, जिन उपभोक्ताओं को बिल राशि या रीडिंग को लेकर कोई संदेह है, वे संबंधित बिजली कार्यालय में अपना लिखित आवेदन दे सकते हैं।

# निकुम सोसायटी में फिर से गबन, 116 क्विंटल धान गायब

**समिति प्रबंधक और भाजपा नेता के खिलाफ एफआईआर, पहले भी 45 लाख के घोटाले का लग चुका है आरोप**

**फरवरी 2025 में 3466 कट्टा धान गायब होने के मामले को दबा दिया गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

*दुर्ग जिले की सेवा सहकारी समिति निकुम एक बार फिर धान गबन के मामले को लेकर चर्चा में है। इस बार खरीफ उपार्जन वर्ष 2025-26 के दौरान 116.11 क्विंटल धान कम पाए जाने पर अंडा थाना पुलिस ने समिति प्रबंधक, प्राधिकृत अधिकारी और भाजपा नेता सहित अन्य कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने आरोपियों पर बीएनएस की धारा 3(5) और 316(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।*

धान गबन का आरोपी समिति प्रबंधक घनश्याम बेलचंदन राजनांदगांव के मनघटा रिसॉर्ट में भिलाईतीन की युवती रेप और हत्या मामले में जेब में बंद है। यही वह आरोपी है जिसने हत्या के बाद युवती को निकुम के एक डॉक्टर के पास इलाज के लिए लेकर गए थे। यह निकुम समिति में धान गबन का पहला मामला नहीं है। इससे पहले फरवरी 2025 में भी इसी समिति से करीब 3466 कट्टा धान गायब होने का मामला सामने आया था, जिसकी कीमत लगभग 45 लाख रुपये बताई गई थी। उस समय भारतीय किसान संघ के दुर्ग तहसील अध्यक्ष एवं वर्तमान सरपंच भागवतराम पटेल के नेतृत्व में किसानों ने समिति का घेराव कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। हालांकि किसानों का आरोप है कि उस मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अंडा थाना में दर्ज शिकायत के अनुसार, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग की अंडा शाखा के शाखा प्रबंधक रविकांत जगदल्ले ने शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि सेवा सहकारी समिति निकुम पंजीयन क्रमांक 692 में खरीफ उपार्जन वर्ष 2025-26 के दौरान 15 नवंबर 2025 तक कुल 76,759.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी, जिसका परिवहन 31 जनवरी 2026 तक किया जा चुका था। इसके बाद 8 जुलाई 2026 को खाद्य विभाग और सहकारिता विभाग की संयुक्त टीम ने समिति एवं उपार्जन केंद्र का भौतिक सत्यापन किया। जांच के दौरान रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक का मिलान करने पर 116.11 क्विंटल धान कम पाया गया। जांच दल ने मौके पर मौजूद प्राधिकृत अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया। जांच रिपोर्ट के आधार पर समिति प्रबंधक घनश्याम बेलचंदन, प्राधिकृत अधिकारी और भाजपा नेता भैयालाल साहू तथा अन्य कर्मचारियों पर 116.11 क्विंटल धान, जिसकी अनुमानित कीमत 3,59,941 रुपये है, के गबन का आरोप लगाया गया। शिकायत के आधार पर अंडा थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**समिति प्रबंधक घनश्याम बेलचंदन, प्राधिकृत अधिकारी भैयालाल साहू तथा अन्य कर्मचारियों पर 3.60 लाख रुपए**



सोसाइटी में मौजूद सरपंच भागवतराम पटेल और किसानगण।



धान खरीदी में खेला...

जिले के धान खरीदी केंद्रों में अनियमितता

निकुम समिति से 45 लाख का धान गायब

### ऑडिट के दौरान एक और गड़बड़ी का हुआ था खुलासा

5 फरवरी 2025 को भारतीय किसान संघ दुर्ग तहसील अध्यक्ष और वर्तमान सरपंच भागवतराम पटेल सहित बड़ी संख्या में किसानों ने सेवा सहकारी समिति अंडा का घेराव किया था। बताया गया था कि खरीदी केन्द्र से 3466 कट्टा धान गायब था। इसकी कीमत करीब 45 लाख रुपए बताई गई थी। ऑडिट के दौरान इस गड़बड़ी का खुलासा हुआ। इस मामले को लेकर किसानों ने धान खरीदी केंद्र का घेराव कर दिया। किसानों ने समिति के अध्यक्ष भैया लाल साहू, समिति इंचार्ज भेषज साहू सहित सभी कर्मचारी और ठेकेदार पर गबन का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की गई थी। उस दौरान अध्यक्ष और समिति के इंचार्ज द्वारा किसानों को बताया गया था कि अंडा थाना में अपराध दर्ज कराया दिया गया है, लेकिन किसानों को बाद में पता चला कि थाने से कोई कार्रवाई नहीं हुई। क्योंकि धान गबन करने वालों ने समाचार प्रकाशन के बाद उसकी भरपाई कर दी थी और मामला वहीं दब गया। निकुम समिति में लगातार सामने आ रहे धान गबन के मामलों में किसानों ने नाराजगी व्यक्ति की है। समिति घेराव करने वालों में भारतीय किसान संघ दुर्ग तहसील अध्यक्ष और सरपंच ग्राम निकुम भागवतराम पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व सोसायटी अध्यक्ष माधव प्रसाद देशमुख, उत्तम कुमार धनकर, राजेन्द्र साहू, पिताबंर लाल यादव, पंचराम धनकर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

### इसके पहले भी पाई गई है धान की कमी

ऑडिट के दौरान फरवरी 2025 में भी निकुम सोसायटी में 3466 कट्टा धान की कमी पाई गई थी, जिसकी कीमत करीब 45 लाख रुपए है। सोसायटी घेराव के दौरान समिति प्रबंधक ने बताया था कि अंडा थाने में अपराध दर्ज कराया गया है, लेकिन बाद में पता चला कि कहीं कोई शिकायत नहीं हुई। किसानों को धोखे में रखा गया।

**-भागवतराम पटेल**, सरपंच ग्राम पंचायत निकुम

# बोरिया क्वार्टर के पीछे सीवरेज लाइन चोक

**नहीं होती नियमित सफाई, लोग परेशान**





हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

टाउनशिप के बोरिया क्वार्टर के पीछे के हिस्से की सीवरेज पाइप लाइन लंबे समय से चोक है। इसकी वजह से 100 से ज्यादा घरों के शौचालय जाम हो गए हैं।

लोगों को खासी दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि शिकायत का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सेक्टर 6 क्रॉस स्ट्रीट 11 ब्लाक-1 से ब्लाक-9 तक टायलेट जाम हैं। सीवरेज की लाइन के ऊपर लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। अवैध कमरों का निर्माण किया गया है। इसके कारण सफाई कर्मचारी सीवरेज लाइन की सफाई नहीं कर पा रहे हैं। उनका कहना है कि सीवरेज पाइप डैमेज हो चुका है। सीवरेज पाइप पर बने अवैध कमरों को हटाने तथा डैमेज व चोक हुए पाइप को सुधार के लिए बीएसपी प्रबंधन से लगातार मांग की जा रही है, लेकिन अब तक गंभीरता से नहीं लिया गया है। बीएसपी के नगर सेवा विभाग की उदासीनता की वजह से स्थानीय लोगों को नगरकीय जीवन जीना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन का मूल उद्देश्य नागरिकों का मूलभूत स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराना है। खुले में शौच मुक्त भारत एवं ठोस तरह के अपशिष्ट का समुचित प्रबंधन मिशन का मुख्य अंग है। विगत एक वर्ष से समस्या बनी हुई है। भूमाफियाओं के कारण परेशानी और बढ़ गई है। सीवरेज का पानी बैक फ्लो हो रहा है, जिससे संक्रामक रोग का खतरा जैसे डायरिया, हैजा, डेंगू फैलने की पूरीं संभावना है। आने वाले खतरों व बीमारियों की रोकथाम के लिए समस्या का निराकरण आवश्यक है।

- लगातार हो रही शिकायत समस्या का निराकरण नहीं

# खरीफ विपणन मौसम 2026-27 के लिए केन्द्र सरकार द्वारा एमएसपी में की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

खरीफ विपणन मौसम केएमएस 2026-27 के लिए अधिसूचित खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी में वृद्धि की गई है।

- दलहनी एवं तिलहनी फसलों में भी हुई वृद्धि

न्यूनतम समर्थन मूल्य वह निर्धारित कीमत जिसमें सरकार किसानों से उनकी उपज खरीदने की गारंटी देती है। इसका उद्देश्य किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाना एवं बाजार में कीमतों में गिरावट से सुरक्षा प्रदान करना है।

संयुक्त संचालक कृषि, दुर्ग संभाग गोपिका गवेल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा खरीफ की मुख्य फसल धान का एमएसपी बढ़ा कर 2441 रू. प्रति क्विंटल किया गया है, जबकि ए ग्रेड़ धान के लिये 2461 रू. प्रति क्विटल निर्धारित की गई है। दलहनी एवं तिलहनी फसलों के समर्थन मूल्य में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है, जिससे दलहन एंव तिलहन उत्पादन बढ़ाने के साथ देश को दलहन एवं तेल उत्पादन में आत्मनिर्भता प्राप्त होगी।

### खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि

धान (सामान्य) 2441 रू, धान (ग्रेड ए) 2461 रू, ज्वार (हाइब्रिड) 4023 रू, ज्वार (मालदाण्डी) 4073 रू, बाजरा 2900 रु, रागी 5205 रू, मक्का 2410 रू, तुअर (अरहर) 8450 रू, मूंग 8780 रू, उड़द 8200 रू, मूंगफली 7517 रू, सूरजमुखी बीज 8343 रू, सोयाबीन (पीला) 5708 रू, तिल 10346 रू, रामतिल (नाइजरसीड) 10052 रू, कपास (मध्यम रेशा) 8267 रू, कपास (लम्बा रेशा) 8667 रू निर्धारित किया गया है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने तथा फसल उत्पादन के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है। किसानों को सलाह दी गई है कि अपने क्षेत्र के मण्डी कीमतों एंव शासन द्वारा निर्धारित एमएसपी की तुलना कर विपणन करें तथा विपणन के समय इसका लाभ उठाएं।



# अयोध्या में राम मंदिर ट्रस्ट की वित्तीय अनियमितताओं की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में गठित टीम करे जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े चढ़ावा चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के मामले में केंद्र सरकार, भाजपा और आरएसएस से कांग्रेस ने जवाब मांगा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के इस मामले में नियुक्त प्रभारी और खनिज निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने कहा कि भगवान राम करोड़ों भारतीयों की आस्था, विश्वास और संस्कृति के प्रतीक हैं।

भगवान श्रीराम के नाम पर देशभर के श्रद्धालुओं ने अपनी मेहनत की कमाई से मंदिर निर्माण के लिए उदारतापूर्वक दान दिया था। लेकिन अब जो तथ्य सामने आ रहे हैं, वे न केवल आर्थिक अनियमितताओं की ओर संकेत करते हैं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को भी आहत करने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण में कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं। यदि ट्रस्ट का गठन प्रधानमंत्री की देखरेख में हुआ, ट्रस्ट के प्रमुख पदों पर नियुक्तियां केंद्र सरकार की जानकारी और सहमति से हुईं, तो आखिर इस पूरे मामले की नैतिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी कौन लेगा? उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भगवान श्रीराम की आस्था का सम्मान करती है और इसी कारण इस पूरे मामले की निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं न्यायिक जांच की मांग कर रही है। ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस का संघर्ष किसी धर्म या आस्था के खिलाफ नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम के नाम पर जुटाई गई जनता की श्रद्धा और दानराशि की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए है। शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि भाजपा को इस पूरे मामले पर देश के सामने स्पष्ट जवाब देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर बड़े जिम्मेदार लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की मांग है कि श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए प्राप्त समस्त दान, चढ़ावा, भूमि खरीद, निर्माण कार्यों एवं अन्य व्ययों का स्वतंत्र फॉरेंसिक ऑडिट कराया जाए तथा उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, ताकि देश की जनता के सामने सत्य सामने आ सके। इस दौरान रिसाली निगम के सभापति केवश बंछोर, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, रायसिंह ढिकोला, नासिर खोखर, अजय शर्मा, सुनीत घोष, हिमांशु शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गिरीश देवांगन ने कहा-कांग्रेस हर मोर्चे पर करेगी विरोध

## स्कूल, कॉलेज, बाजार, पार्क और सार्वजनिक स्थानों पर रहेगी विशेष निगरानी

# महिलाओं की सुरक्षा को मिली नई मजबूती, जिले में 14 पिंक पेट्रोलिंग यूनिट सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस ने जिले में पिंक पेट्रोलिंग अभियान की शुरुआत की। गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम, सेक्टर-6 भिलाई से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर 14 विशेष पिंक पेट्रोलिंग टीमों को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के लिए रवाना किया। इन टीमों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, छात्राओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराना तथा सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा का माहौल सुनिश्चित करना है।

जिले के 13 थाना क्षेत्रों और एक रक्षा टीम सहित कुल 14 पिंक पेट्रोलिंग टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में चार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जबकि टीम का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर करेंगे। ये टीमें पूरे जिले में लगातार गश्त करते हुए संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखेंगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिंक पेट्रोलिंग के तहत स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थानों में प्रवेश और छुट्टी के समय नियमित गश्त की जाएगी ताकि छात्राओं को सुरक्षित वातावरण मिल सके। इसके अलावा बाजार, मॉल, पार्क, गार्डन, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी लगातार पुलिस की मौजूदगी रहेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मणिशंकर चंद्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ऋचा मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक हर्षित मेहर, नगर पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक लाइन, उप पुलिस अधीक्षक आईजीडब्ल्यू भारती मरकाम, आकर्षि कश्यप सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### बाक्स में शिकायत पर तत्काल पहुंचेगी टीम

अभियान के तहत डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1091 और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर प्राप्त शिकायतों पर पिंक पेट्रोलिंग टीम तत्काल मौके पर पहुंचेगी और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करेगी। पुलिस का कहना है कि महिलाओं से जुड़े मामलों में त्वरित प्रतिक्रिया इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता होगी। पिंक पेट्रोलिंग टीमों को असामाजिक तत्वों, मनचलों और संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी स्थान पर महिलाओं से छेड़छाड़, उत्पीड़न या अन्य आपराधिक गतिविधि की सूचना मिलती है तो संबंधित टीम तुरंत कार्रवाई करेगी। इसके साथ ही टीमों द्वारा महिला सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में लोगों को जागरूक भी किया जाएगा।

### इन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी

पिंक पेट्रोलिंग अभियान के प्रभावी संचालन, समन्वय और मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी उप पुलिस अधीक्षक भारती मरकाम और उप पुलिस अधीक्षक आकर्षि कश्यप को सौंपी गई है। दोनों अधिकारी अभियान की नियमित समीक्षा करते हुए टीमों की गतिविधियों पर निगरानी रखेंगी। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और छात्राओं से अपील की है कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, आपात स्थिति या संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1091 या निकटतम पुलिस थाने को सूचना दें।

# लोक संस्कृति सेवा जस भजन फाग झांकी संघ 9 अगस्त को मनाएगा का गुरु पूर्णिमा



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग जिला लोक संस्कृति सेवा जस भजन फाग झांकी संघ की बैठक अंगार मोती भवन दुर्ग में हुई। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी कलाकार पद्म विभूषण तीजन बाई को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पश्चात बैठक में आगामी 9 अगस्त को गुरु पूर्णिमा पर दुर्ग जिला संघ द्वारा सभी संगठित ज़िला रायपुर, राजनांदगांव, बेमेतरा, धमतरी, बालोद, खैरागढ़, मानपुर मोहला, बलौदा बाजार, जांजगीर चांपा जिले के गीतकार गुरुजनो का सम्मान करने का निर्णय लिया गया। साथ ही एक भव्य आयोजन करने पर भी सहमति बनीं। बैठक में संघ के पदाधिकारी एवं रचनाकार उपस्थित थे। यह जानकारी संघ के कोषाध्यक्ष अविनाश सपहा ने दी।

- बैठक में लिया गया निर्णय

## खबर संक्षेप

### कंपोजिट सामग्री के तापीय एवं यांत्रिक गुणों पर विनय को पीएचडी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू, भिलाई ने विनय



कुमार को मैकेनिकल इंजीनियरिंग विषय में पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध कार्य इंजीनियरिंग विषय पर श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस एसएसटीसी, भिलाई के शोध केंद्र में सम्पन्न हुआ। शोध कार्य डॉ. पी. बी. देशमुख के निर्देशन और डॉ. अजय कुमार वर्मा के सह-निर्देशन में पूरा किया गया। शोध प्रबंध का सफल मौखिक परीक्षण पीएचडी डिफेंस आयोजित किया गया। शोध में प्राकृतिक रेशों से निर्मित कंपोजिट सामग्री के तापीय एवं यांत्रिक गुणों का विस्तृत अध्ययन किया गया है।

### सेजस प्रबंधन समिति में प्रशांत अध्यक्ष और रवि उपाध्यक्ष

**पाटन।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिंदी माध्यम विद्यालय (सेजस) घुघुवा (क) में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। बैठक में लगभग सौ





पालकों की उपस्थिति रही। विद्यालय के प्राचार्य के के पहरी ने चुनाव प्रक्रिया का संचालन किया। सभी पालकों से अध्यक्ष पद हेतु नाम मांगा गया, जिस पर पालक नकुल सत्यम ने पालक प्रशांत शर्मा के नाम का प्रस्तावित किया। अन्य कोई भी उम्मीदवार अध्यक्ष पद हेतु नहीं मिलने पर सर्वसम्मति से निर्विरोध प्रशांत शर्मा को अध्यक्ष चुन लिया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद हेतु सिर्फ एक नाम आने पर रवि साहू को चुना गया। चुनाव प्रक्रिया समापन के पश्चात प्राचार्य ने गत वर्ष के आय व्यय की जानकारी पालकों को दी।

## निधन

### रामगुलाल निषाद

**भिलाई।** वार्ड क्रमांक 3 बजरंग



पारा जामुल निवासी रामगुलाल निषाद का निधन 16 जुलाई को हो गया। वे अपने पीछे कृष्ण कुमार निषाद सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### मनिंदर पाल सिंह

**भिलाई।** एमआईजी-2/148 हुडको



निवासी मनिंदर पाल सिंह (42) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 जुलाई शुक्रवार को उनके निवास स्थान हुडको से सुबह 10.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे परमिंदर सिंह के पुत्र थे।


**In The Court Of I District and Additional Session Judge, District Court, Narmadapuram Presiding Officer : दिनेश कुमार नोटिया**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु।

(RCS A/0000214/2025)

दीक्षा फौजदार गंगवाल............वादी

Vs

कपिल फौजदार ....................प्रतिवादी

Process Id-73/2026

पेशी दिनांक : 08/08/2026

प्रेषिती-

(1) अल्का रान्धेलिया पति श्रेयांश पता- दूसरी मंजिल, कालीचरण चैराहा, सिविल लाइन सागर जिला सागर मप्र

(2) ज्योति जैन पति स्व डॉ सुनील जैन पता-आर्य नगर गुलाटी नर्सिंग होम्स के पास, दुर्ग जिला दुर्ग छत्तीसगढ़

यह कि प्रार्थी दीक्षा फौजदार गंगवाल ने आपके विरुद्ध दावा वास्ते एवं आवेदन पत्र आदेश 39 नियम 1 व 2 सहपठित धारा 151 सीपीसी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में सबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 08 July 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा न्यायाधीश

टिप्पणी :- प्रकाशन, कृपया ध्यान दें :- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।


### पेड़ के नीचे कक्षाएं लगाकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराएंगे

# ढहाए जाने की सूची में नहीं खैरझिटी का जर्जर स्कूल, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमधा

**15 अगस्त को स्कूली बच्चे ग्रामीणों के साथ करेंगे ध्वजारोहण**



विकासखंड के ग्राम खैरझिटी स्थित शासकीय स्कूल की जर्जर भवन समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल भवन पूरी तरह खस्ताहाल होने के बावजूद इसे प्रशासन की ध्वस्तीकरण सूची में शामिल नहीं किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में न तो सुरक्षित एवं नया स्कूल भवन उपलब्ध है और न ही पर्याप्त शिक्षक हैं। लगभग तीन वर्षों से स्कूल की कक्षाएं ग्राम पंचायत भवन में संचालित हो रही हैं, जिससे पंचायत के नियमित कार्य भी प्रभावित होते हैं। पंचायत में बैठक होने पर बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है और कक्षा लगने पर पंचायत के प्रशासनिक कार्य प्रभावित होते हैं।

ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि 17 जुलाई से खैरझिटी में बच्चों की कक्षाएं पेड़ के नीचे लगाकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से स्कूल भवन जर्जर होने के कारण बच्चे अपने विद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस का ध्वजारोहण भी नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए इस वर्ष 15 अगस्त को समस्त ग्रामीणजन एवं स्कूली बच्चे विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय, धमधा में ध्वजारोहण करेंगे। इस संबंध में किसान बंधु संगठन, धमधा ब्लॉक द्वारा कई बार शिकायत की जा चुकी है। संगठन ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव भी किया था, जहां जर्जर भवन को तोड़कर नया भवन बनाने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि अब तक सभी वादे केवल कागजों तक ही सीमित रहे हैं। हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा जिले के सैकड़ों जर्जर स्कूल भवनों को डिस्मेंटल करने की बात कही गई, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि खैरझिटी स्कूल, जिसकी जर्जर स्थिति का आवेदन और साक्ष्य पूर्व में प्रशासन को सौंपा गया था, उसे सूची में शामिल नहीं किया गया। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है और वे शीघ्र नए स्कूल भवन के निर्माण तथा पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति की मांग कर रहे हैं। इस बैठक में किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल, आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक, डालेश्वरी वर्मा सरपंच खैरझिटी, मोती राम वर्मा, नकुल, कुंती वर्मा, विष्णु साहू, चिंता वर्मा आदि उपस्थित थे।

## जमीन बेचने के नाम पर 8 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

■ कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

जमीन बेचने के नाम पर 8 लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में न्यायालय के आदेश पर दुर्ग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी पर खुद को जमीन का मालिक बताकर परिवादी से रकम लेने और बाद में रजिस्ट्री नहीं कराने का आरोप है।

परिवादी जितेंद्र अग्रवाल के अनुसार वर्ष 2019 में आरोपी भीमराज ने ग्राम नवातरिया स्थित एक एकड़ जमीन अपनी बताकर 13 लाख रुपए में बेचने का सौदा किया। इस दौरान आरोपी ने बयाना और अन्य मदों में अलग-अलग किश्तों में कुल 8 लाख रुपये प्राप्त किए। दस्तावेजों के अनुसार, शुरुआती भुगतान में 1.95 लाख रुपये और 1.50 लाख रुपए दो चेकों के माध्यम से दिए गए, जबकि 1.55 लाख रुपए नकद दिए गए। इसके बाद सीमांकन और रजिस्ट्री कराने का भरोसा देकर 11 जनवरी 2020 को 2.50 लाख रुपए तथा 11 सितंबर 2022 को 50 हजार रुपए और लिए गए। परिवादी का आरोप है कि लंबे समय तक रजिस्ट्री नहीं होने पर उन्होंने ऑनलाइन खसरा और बी-1 रिकॉर्ड की जांच कराई। इसमें संबंधित जमीन आरोपी के नाम पर न होकर अर्जुन पिता राजूलाल और ज्योति के नाम दर्ज मिली। इसके बाद उन्होंने आरोपी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए थाना दुर्ग और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की, लेकिन मामला दर्ज नहीं हुआ। बाद में परिवादी ने न्यायालय में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के तहत आवेदन प्रस्तुत किया। जेएमएफसी दुर्ग ने दस्तावेजों और राजस्व अभिलेखों का परीक्षण कर प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी का मामला पाया। न्यायालय ने थाना प्रभारी को उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420 अथवा भारतीय न्याय संहिता की लागू धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विस्तृत विवेचना करने के निर्देश दिए। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हारी में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**कुम्हारी।** सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंड्री स्कूल कुम्हारी एवं तरीघाट विद्यालय के आचार्यों का विगत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन हुआ। पहले दिन विद्या भारती प्रान्त कार्यकारणी सदस्य विवेक सक्सेना, कुम्हारी स्कूल समिति अध्यक्ष निश्चय बाजपेई, समिति महासचिव व प्रबंधक अवधेश दुबे, समिति सदस्य रामबिहारी मिश्रा, समिति कोषाध्यक्ष गीतेश्वर साहू एवं प्राचार्य मनीषा साहू के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। द्वितीय सत्र रायपुर की विद्वान गणितज्ञ वंदना सूद, तृतीय सत्र उत्तम साहू आचार्य राजिम विद्यालय, चतुर्थ सत्र हरिश्चन्द्र साहू दुर्ग विभाग, समन्वयक कृत कुमार साहू, आचार्य कैलाश नगर दुर्ग, पंचम सत्र विशम्भर साहू आचार्य बेरला स्कूल के अलावा षष्टम, सप्तम एवं अष्टम सत्र विद्याभारती प्रान्त के वरिष्ठ अनुभवी लोगों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उद्घाटन सत्र में कुम्हारी विद्यालय के संचालक समिति महासचिव अवधेश दुबे ने कुम्हारी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रारम्भ से लेकर आजतक के सफर का जिक्र करते हुए अपनी भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं मुख्यातिथि विवेक सक्सेना सदस्य विद्या भारती छत्तीसगढ़ प्रान्त ने कहा कि निजी विद्यालय के लोग व्यापार करने एवं धन कमाने के लिए स्कूलों का संचालन करते हैं जबकि विद्याभारती राष्ट्र निर्माण के लिए विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास के उद्देश्य के साथ नो प्रॉफिट नो लॉस पर समाज आधारित विद्यालय चलाते हैं।

## आरटीई प्रवेश में डीईओ से अनियमितता की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| उतई

दुर्ग जिले के नगर पालिक निगम रिसाली अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 एवं 36, ग्राम डुंडेरा स्थित शासकीय विद्यालय में शिक्षा का अधिकार आरटीई अधिनियम के तहत पात्र बच्चों के प्रवेश को लेकर शिकायत सामने आई है। नगर पालिक निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने जिला शिक्षा अधिकारी, दुर्ग को लिखित शिकायत सौंपकर पूरे प्रकरण की जांच कराने, पात्र बच्चों को शीघ्र प्रवेश दिलाने तथा यदि किसी स्तर पर अनियमितता या लापरवाही पाई जाए तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, वार्ड क्रमांक 35 एवं 36 के अनेक पालकों ने अपने बच्चों के लिए आरटीई के तहत निर्धारित समय सीमा में ऑनलाइन आवेदन किया। आवेदन के दौरान पोर्टल में मांगे गए सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड किए गए तथा संबंधित विद्यालय में भी संपूर्ण दस्तावेज जमा करा दिए गए। इसके बावजूद विद्यालय प्रबंधन एवं नोडल अधिकारी द्वारा अब तक प्रवेश की स्वीकृति जारी नहीं किए जाने से पात्र बच्चों का प्रवेश लंबित है। तरुण बंजारे ने बताया कि जब पालक प्रवेश की जानकारी लेने विद्यालय पहुंचे तो अलग-अलग पालकों से अलग-अलग दस्तावेजों की मांग की गई। किसी से वर्ष 2011 की सूची मांगी गई, जिसे पालकों ने उपलब्ध करा दिया। इसके बाद किसी से वर्ष 2008 की सूची मांगी गई, वह भी प्रस्तुत कर दी गई। वहीं कुछ पालकों से वर्ष 2002 की सूची मांगी गई तथा कुछ मामलों में यह कहा गया कि राशन कार्ड में उनके दादा का नाम अंकित नहीं है। उनका कहना है कि मांगे गए दस्तावेज उपलब्ध कराने के बाद भी प्रवेश की स्वीकृति जारी नहीं की गई।

### श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद में रथयात्रा निकली



**अण्डा।** श्री विष्णु धाम महायज्ञ एवं धार्मिक महोत्सव के ओटेबंद में भव्य रथयात्रा का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। रथयात्रा में भगवान की आकर्षक झांकी को सुसज्जित रथ में विराजमान कर पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया तथा जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

रथयात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे शामिल हुए। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भगवान के रथ के साथ चल रहे थे। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना एवं आरती कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि श्री विष्णु धाम महायज्ञ के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।



### यादव समाज का प्रतिनिधिमंडल मिला सीएम से

**पाटन-सेलूद।** यादव समाज छत्तीसगढ़ सामाजिक मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री साय को बताया कि प्रदेश में गौवंश की स्थिति अत्यंत दयनीय है। गांवों में चारागाह समाप्त हो गया है वहीं कृषि कार्य के आधुनिकीकरण होने के कारण किसान पैरा एकत्रीकरण नहीं कर पा रहे हैं। चारा की समस्या हो रही है।आज गौवंश का पालन करना कठिन हो रहा है। सड़कों पर ठोकर खाने मजबूर है रोजाना हजारों गौवंश सड़क दुर्घटना में मारी जा रही है। इस दौरान मांग की गई कि चारागाह भूमि को आरक्षित किया जाए। पशु सेवकों /चरवाहों को प्रति माह 15000 रुपए दिए जाए। गौ वंश पालन हेतु शेड निर्माण की राशि में बढ़ोतरी की जाए। घुमंतू गौवंश के गले में रेडियम पट्टी शासन द्वारा लगाई जाए। गौवंश के अवैध तस्कर पर निगरानी बढ़कर करवाई की जाए। दस लाख रुपये का पशुपालन ऋण बिना गारेंटी के उपलब्ध कराया जाए और यादव समाज को गौ सेवा आयोग में वर्तमान में उपाध्यक्ष पद दिया जाए।

## बिजनेस साइट

## जगन्नाथ रथयात्रा के उपलक्ष्य में सहेली ज्वेलर्स में मात्र 3 प्रतिशत मेकिंग चार्ज





**दुर्ग।** शहर के प्रतिष्ठित आभूषण प्रतिष्ठान सहेली ज्वेलर्स ने ग्राहकों के लिए विशेष गोल्डन मॉनसून ऑफर की शुरुआत की है। सीमित अवधि के इस ऑफर के तहत गोल्ड, सिल्वर और डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर आकर्षक रियायतें दी जा रही हैं। ऑफर के तहत 22 कैरेट येलो गोल्ड और सिल्वर ज्वेलरी पर मात्र 3 प्रतिशत मेकिंग चार्ज रखा गया है। वहीं डायमंड ज्वेलरी खरीदने वाले ग्राहकों को डायमंड वैल्यू पर 25 प्रतिशत और डायमंड मेकिंग चार्ज पर भी 25 प्रतिशत की विशेष छूट मिलेगी। सहेली ज्वेलर्स में गोल्ड, डायमंड, सिल्वर, पोल्की डायमंड, एंटीक और टेंपल गोल्ड ज्वेलरी की आकर्षक रेंज उपलब्ध है। आधुनिक और पारंपरिक डिजाइनों का विशेष कलेक्शन हर आयु वर्ग और हर अवसर की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। सभी आभूषण बीआईएस हॉलमार्क और प्रमाणित गुणवत्ता के साथ उपलब्ध हैं। ग्राहकों को गोल्ड एक्सचेंज, पुराने सोने का उचित मूल्यांकन और कैरेट मीटर से शुद्धता जांचने जैसी सुविधाएं भी दी जा रही हैं। प्रबंधन के अनुसार, यह ऑफर त्योहारों, शादी-विवाह और अन्य पारिवारिक आयोजनों के लिए आभूषण खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों के लिए बचत का शानदार अवसर है। यह विशेष ऑफर गांधी चौक दुर्ग, सिविक सेंटर भिलाई और बीएसपी मार्केट रिसाली स्थित सहेली ज्वेलर्स के सभी शोरूम में लागू है।

## अंचल की खबरें

### वरिष्ठों से सीखते रहना ही कर्त्तव्यनिष्ठा : बंछोर



**सेलूद।** शिक्षा के साथ स्थानीय कला और संस्कृति को जोड़ने वाले शिक्षक कला समूह दुर्ग बालोद द्वारा शिक्षक सत्कार कार्यक्रम में सेवानिवृत्त व्याख्याता देवेंद्र कुमार बंछोर का सम्मान किया गया। संरक्षक सदस्य बी.व्ही.आर. मूर्ति, परसराम साहू, कृष्ण कुमार धुरंधर, राम कुमार वर्मा, किरण बाला वर्मा सहित उपस्थित शिक्षक शिक्षाओं ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मिताली चौधरी, वरुण निषाद, मोहित शर्मा, सुनील बंछोर, पुष्पा चौधरी, लखेश्वर के संयोजन में सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किए। अध्यक्ष ललित कुमार बिजौरा ने कला समूह के सांगठनिक ढांचा और उद्देश्यों का उल्लेख किया। सेवानिवृत्त प्राचार्य किरण बाला वर्मा, परस राम साहू, कृष्ण कुमार धुरंधर, डाइट दुर्ग के पूर्व कला शिक्षा प्रभारी बी. व्ही. आर. मूर्ति, राम कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. दुलारी चंद्राकर, हेमंत देवांगन, सचिव खिलेश वर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. संगीता चंद्राकर ने देवेंद्र बंछोर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कला शिक्षा के संरक्षक राम कुमार वर्मा द्वारा पद्मविभूषित डॉ.तीजन बाई की श्रद्धांजलि पर केंद्रित संकलन शब्द सुमन का विमोचन मुख्य अतिथि देवेंद्र बंछोर ने किया। समारोह का संयोजन लखेश्वर साहू, संचालन मोहित शर्मा व आभार प्रदर्शन खिलेश वर्मा ने किया। समारोह के आयोजन में डॉ. सारिका शर्मा, प्रतिभा त्रिपाठी, लालिमा चंद्राकर, हेमंत कुमार मढ़रिया, खिलेश वर्मा, नीता त्रिपाठी, नरोत्तम साहू, कुलेश्वर दिल्लीवार आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

### 83 साल पुराने छात्र ने बच्चों को दिए उपहार





**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक शाला सुरपा में 1943 में चौथी कक्षा तक पढ़े 94 वर्षीय एम डी नागरिया का स्कूल प्रेम पूर्व छात्रों के लिए प्रेरणादाई बनकर इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। उल्लेखनीय है एम डी नागरिया स्वयं प्रतिवर्ष पूर्व एक दशक से अधिक समय से सुरपा पहुंचकर विधार्थियो शिक्षकों कर्मियों को उपहार भेंट करने का सिलसिला प्रारंभ किए जो आज भी उम्र दराज होने के कारण अनवरत उनके बेटा बहु पोता निभा रहे है। मंगलवार को कक्षा पहली से 10वी तक बच्चो सहित स्टाफ एवं कर्मियों को 325 छाता/ रेनकोट वितरण किया गया। इस पावन अवसर के साक्षी बने शाला विकास समिति अध्यक्ष प्रमोद जैन, चंद्रहास साहू सरपंच, देवानंद देवांगन, लोकेश्वर निर्मलकर, हरियर यादव, चुन्नी देवांगन, किशोर यादव, भागवत साहू, विवेक नारंग आदि उपस्थित थे।

### शिक्षा, समाज व राष्ट्र की प्रगति का आधार है : साहू



**निकुम।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल निकुम में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में पालक समिति अध्यक्ष दिलीप कुमार साहू व शाला विकास समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी सहित अतिथियों ने सर्व प्रथम मां सरस्वती पूजा अर्चना किया। वहीं सभी नव प्रवेशी बच्चो को तिलक लगाकर बच्चों का मुंह मीठा कर नए पुस्तक वितरित किया गया। इस अवसर पर व्यक्त करते हुए सेजस पीटीएम अध्यक्ष दिलीप साहू ने कहा शाला प्रवेश उत्सव केवल रस्म नहीं है, छत्तीसगढ़ की मजबूती रखने की नींव का संकल्प है। शिक्षा, समाज और राष्ट्र की प्रगति का मजबूत आधार है, इसलिए सुनिश्चित करना होगा। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे।


HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी • किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज • प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज • यौन संबंधी समस्याएं • महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# आरटीई में अब भी 635 सीटें खाली, तीसरे चरण के लिए 22 जुलाई से फिर खुलेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को निःशुल्क प्रवेश का तीसरा चरण शुरू होने जा रहा है। जिले में प्रथम चरण की लॉटरी और द्वितीय चरण की आवंटन प्रक्रिया के बाद भी 635 सीटें रिक्त हैं। ऐसे में जिन पालकों के बच्चों का अब तक चयन नहीं हो पाया है, उनके लिए राहत की खबर यह है कि राज्य शासन ने आरटीई प्रवेश का तृतीय एवं अंतिम चरण शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

जिले में आरटीई के तहत प्रथम चरण में कुल 1,427 सीटें उपलब्ध थीं। वर्तमान में इन बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है और प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 17 जुलाई यानी कल शुकवार तक निर्धारित की गई है।

## पहले और दूसरे चरण के चयनित बच्चों का प्रवेश का अंतिम दिन आज

### पहले और दूसरे चरण में इस तरह भरी सीटें व रही खाली

**पहला चरण :** पहले चरण में 1,059 बच्चों को लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटित किए गए। आवंटित विद्यार्थियों में से 946 बच्चों ने ही प्रवेश लिया। इस प्रकार प्रथम चरण के बाद 481 सीटें रिक्त रह गईं।

**दूसरा चरण :** बच्चों के प्रवेश के लिए दूसरी लॉटरी प्रक्रिया संचालित की गई। इस दौरान केजी-2 के विद्यार्थियों के ड्रॉपआउट और अन्य कारणों से रिक्त हुई सीटों को मिलाकर कुल 635 सीटों पर पुनः चयन प्रक्रिया शुरू की गई। दूसरी लॉटरी में 150 बच्चों को स्कूल आवंटित किए गए हैं।

### तीसरा व अंतिम चरण की ऐसी तैयारी

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार दूसरी लॉटरी में चयनित बच्चों के प्रवेश पूर्ण होने के बाद ही वास्तविक रिक्त सीटों की स्थिति स्पष्ट होगी। हालांकि अभी भी बड़ी संख्या में सीटें खाली रहने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में शासन ने तीसरे चरण के लिए नया कार्यक्रम जारी कर दिया है ताकि अधिक से अधिक पात्र बच्चों को आरटीई का लाभ मिल सके।

### तृतीय चरण की प्रक्रिया इस प्रकार रहेगी

- 22 जुलाई से 5 अगस्त तक पालकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन एवं आवेदन में संशोधन।
- 25 जुलाई से 7 अगस्त तक नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों का परीक्षण और सत्यापन।
- 10 अगस्त से 14 अगस्त तक ऑनलाइन लॉटरी एवं चयन सूची जारी।
- 17 अगस्त से 25 अगस्त तक चयनित विद्यार्थियों का संबंधित विद्यालयों में प्रवेश।
- 20 अगस्त से 27 अगस्त तक अंतिम प्रवेश जानकारी आरटीई पोर्टल पर दर्ज की जाएगी।

### पालक अब भी कर सकते हैं आवेदन

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार तृतीय एवं अंतिम चरण में ऐसे पालक भी आवेदन कर सकेंगे जिनके बच्चों का पहले चयन नहीं हुआ था या जिन्होंने किसी कारणवश पूर्व चरणों में आवेदन नहीं किया था। आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन आरटीई पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे। निजी विद्यालयों के आसपास रहने वाले अनेक पात्र परिवार अब भी योजना का लाभ नहीं ले पाए हैं।

### लाटरी में जिन बच्चों के नाम नहीं वे करेंगे आवेदन

आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश पाने के लिए हर वर्ष बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं। इस वर्ष भी प्रथम चरण में अधिकांश सीटों पर आवंटन हुआ, लेकिन सभी चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश नहीं लेने से सैकड़ों सीटें रिक्त रह गईं। यही कारण है कि अब तीसरे चरण में नए आवेदकों को भी मौका मिलेगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिन पालकों ने पहले आवेदन नहीं किया है या जिनके बच्चों का नाम अब तक किसी भी लॉटरी में नहीं आया है, वे निर्धारित अवधि में आवेदन कर सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन होने के बाद ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से विद्यालय आवंटित किए जाएंगे।

### फैक्ट फाइल

| | |
|---|---|
| प्रथम चरण में कुल सीटें- | 1,427 |
| प्रथम चरण में आवंटित सीटें- | 1,059 |
| प्रथम चरण में वास्तविक प्रवेश- | 946 |
| प्रथम चरण के बाद रिक्त सीटें- | 481 |
| दूसरी लॉटरी के लिए उपलब्ध सीटें- | 635 |
| दूसरी लॉटरी में आवंटित विद्यार्थी- | 150 |
| दूसरी लॉटरी प्रवेश की अंतिम तिथि- | 17 जुलाई |

### नए आवेदन 22 से

आरटीई में जिन बच्चों का चयन दूसरे चरण के लिए हो चुका है उन्हे प्रवेश के लिए अंतिम मौका 17 जुलाई यानी आज है। उसके बाद तीसरे चरण के लिए आवेदन करने पोर्टल 22 जुलाई से शुरू होगा।

**अरविंद कुमार मिश्रा,** जिला शिक्षा अधिकारी

# खम्हरिया स्कूल की 85 छात्राओं की हीमीग्लोबीन, आरबीसी व सिकलिंग टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खम्हरिया में जिला शिक्षा विभाग मॉस हिस्ट्रीरिया से प्रभावित छात्राओं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करवा रहा है। गुरुवार को स्कूल की 83 छात्राओं की हीमोग्लोबीन, आरबीसी और सिकलिंग जांच की गई। डॉ. नंदिनी दुबे के साथ नेहा देशमुख, प्रतिभा शर्मा, शशि भौतिक और लैब टैक्नीशियन हलधर ने जांच को अंजाम दिया। खास बात यह है कि 36 छात्राओं की होमीग्लोबीन टेस्ट की गई है। आरबीसी भी 36 छात्राओं की जांची गई और 13 छात्राओं की सिकलिंग जांच की गई है। जांच में प्रारंभिक चरण में उन छात्राओं को दायरे में लिया गया है जिन्हे समस्या आने की संभावना है।

- जिला शिक्षा विभाग तैयार करवा रहा मॉस हिस्ट्रीरिया से प्रभावित छात्राओं की विस्तृत रिपोर्ट



### अब तक 11 छात्राएं हो चुकी हैं मॉस हिस्ट्रीरिया की शिकार

पिछले दिनों से अब तक खम्हरिया स्कूल की 11 छात्राएं मॉस हिस्ट्रीरिया की शिकार हो चुकी हैं। यहां तीन दिनों तक एक छात्रा के बेहोश होकर गिरने की घटना के बाद उन्हे देखकर और छात्राएं भी गश खाकर गिर रही थीं। पीड़ित छात्राओं को श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था। यहां चिकित्सकीय निगरानी में रखने के बाद उनकी छुट्टी दे दी गई थी। तभी से स्कूल की अन्य छात्राओं और पालकों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया था।

### स्वास्थ्य टीम तीन दिन से है सक्रिय

खम्हरिया स्कूल में पिछले तीन दिन से यानी मंगलवार, बुधवार और गुरुवार तीनों दिन कोई भी वद्यिार्थी बेहोश या चक्कर खाकर गिरी नहीं हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम इस तीनों दिनों में पहुंची है और काउंसलिंग के साथ ही स्वास्थ्य जांच करने में जुटी हुई है। नतीजा यह हुआ है कि छात्राओं के साथ हो रही लगातार घटना का क्रम टूटा है। इससे न केवल स्कूल प्रबंधन, शिक्षा विभाग बल्कि पालकों ने भी राहत की सांस ली है। स्कूल प्रबंधन व जिला शिक्षा विभाग का मानना है कि काउंसलिंग और स्वास्थ्य परीक्षण से छात्राओं का मनोबल बढ़ा है। इसलिए काउंसलिंग को आगे और बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

# राष्ट्रपति के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल में शामिल होंगे सांसद विजय बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



दुर्ग सांसद विजय बघेल भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में 19 से 25 जुलाई 2026 तक मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया एवं रोमानिया की राजकीय यात्रा पर रवाना होंगे। इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बांभनिया और राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा भी शामिल हैं। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार यह यात्रा पूर्वी यूरोप के देशों के साथ भारत के राजनीतिक, आर्थिक, संसदीय और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

- मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की करेंगे राजकीय यात्रा

### इन महत्वपूर्ण विषयों पर होगी चर्चा

यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इन देशों के राष्ट्राध्यक्षों, प्रधानमंत्रियों, संसदीय नेतृत्व और उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ उच्चस्तरीय बैठकें करेंगी। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में सांसद विजय बघेल विभिन्न आधिकारिक कार्यक्रमों, संसदीय संवादों और भारत-यूरोप सहयोग से जुड़े आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। इस 7 दिवसीय दौरे में मुख्य रूप से व्यापार एवं निवेश, रक्षा सहयोग और ऊर्जा सुरक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल नवाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि, कौशल विकास, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा जन-से-जन संपर्क के क्षेत्रों पर व्यापक चर्चा होने की संभावना है।

सांसद विजय बघेल ने बताया कि यह राजकीय यात्रा कूटनीतिक दृष्टिकोण से कई मायनों में ऐतिहासिक साबित होने वाली है। मोल्दोवा के इतिहास में किसी भारतीय राष्ट्रपति की यह पहली राजकीय यात्रा होगी। वहीं रोमानिया की धरती पर लगभग तीन दशकों के लंबे अंतराल के बाद किसी भारतीय राष्ट्रपति की यह पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा है।

### सांसद विजय बघेल ने जताया आभार

इस प्रतिष्ठित प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनने पर खुशी जाहिर करते हुए दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि राष्ट्रपति के साथ देश का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए अत्यंत गौरव और जिम्मेदारी का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व मंच पर एक विश्वसनीय, प्रभावशाली और निर्णायक राष्ट्र के रूप में उभर रहा है और 'विकसित भारत-2047' के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है। यह यात्रा भारत और पूर्वी यूरोप के देशों के बीच संसदीय व तकनीकी साझेदारी तथा सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

### लंबित वित्तीय प्रकरणों का निराकरण

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग के आयुक्त के विशेष प्रयासों एवं सकारात्मक पहल से निगम के अधिकारी-कर्मचारियों के लंबे समय से लंबित वित्तीय प्रकरणों का निराकरण किया गया है। मई 2026 तक की जीपीएफ, एनपीएस, उपादान (ग्रेच्युटी) एवं अवकाश नकदीकरण की देय राशि संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के बैंक खातों में जमा कराई गई है। इस पहल के अंतर्गत जीपीएफ राशि रुपये 31,77,308, एनपीएस राशि 36,60,544, अवकाश नकदीकरण राशि 54,57,296 एवं उपादान (ग्रेच्युटी) राशि 41,32,662 सहित कुल 1,64,23,810 की राशि का भुगतान किया गया है। स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, नगर पालिक निगम दुर्ग के अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अनिल सिंह आदि ने आभार माना है।






हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 जुलाई 2026
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



लाइव इवेंट

## मूकबधिर दिव्यांग युवाओं के लिए विशेष रोजगार मेला आज




**दुर्ग।** मूकबधिर दिव्यांग युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 17 जुलाई को एक विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। विशेष रोजगार कार्यालय (दिव्यांगजनों के नियोजन हेतु) रायपुर के उपसंचालक डॉ. शशिकला अतुलकर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मेला पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, लोकभवन के बाजू, सिविल लाइन्स, रायपुर स्थित विशेष रोजगार कार्यालय में 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां युवाओं का सीधे साक्षात्कार लेकर विभिन्न पदों पर चयन करेंगी। इस भर्ती मेले में प्रमुख रूप से नियोजक इनोवेटिव रिटेल कॉन्सेप्ट्स प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा पिकर पैकर के कुल 4 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण और आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों को 10,000 से 15,000 रुपये तक का मासिक वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, इंस्टाकार्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सीनियर असिस्टेंट के 15 पदों और वेयर हाउस हेल्पर के 15 पदों समेत कुल 30 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण, आयु सीमा 18 से 30 वर्ष और वेतनमान 10 हजार से 12 हजार रुपये तक रखा गया है। समस्त पदों के लिए कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। रोजगार मेले में भाग लेने के इच्छुक सभी मूकबधिर दिव्यांग आवेदकों के लिए छत्तीसगढ़ रोजगार पोर्टल की आधिकारिक वेबसाइट [http://erojgar.cg.gov.in](https://www.google.com/search?q=http://erojgar.cg.gov.in) पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। आवेदक अपने मोबाइल में छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप डाउनलोड करके भी अपना रोजगार पंजीयन और आवेदन दर्ज कर सकते हैं। मेले में शामिल होने के लिए आवेदकों को निर्धारित तिथि और समय पर अपने समस्त मूल शैक्षणिक दस्तावेज, रोजगार पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड, बायोडाटा की छायाप्रति और पासपोर्ट साइज की स्वयं की फोटो के साथ उपस्थित होना होगा। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है और विभाग द्वारा आने-जाने हेतु कोई भी मार्गव्यय देय नहीं होगा। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 0771-4044081 पर संपर्क किया जा सकता है।

लाइव इवेंट

## हाजियों का किया इस्तकबाल अमन के लिए मांगी दुआएं



**भिलाई।** अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से इस साल हज के मुबारक सफर से लौटे 150 से ज्यादा हाजियों का इस्तकबाल सेक्टर-7 में किया गया। इस दौरान कुरान शरीफ की तिलावत से प्रोग्राम शुरू हुआ। मौजूद हाजियों-हज्जन और तमाम लोगों ने मुल्क में अमन व तरक्की की दुआएं की।

समिति के डायरेक्टर अंजुम अली ने बताया कि संस्थान की ओर से पिछले 8 सालों से लगातार हर साल हाजियों के इस्तकबाल का यह सिलसिला जारी है। यहां सभी हाजियों को फूलों के हार पहना कर स्कार्फ भेंट कर और सभी हज्जन साहिबा को दुपट्टे देकर उनका इस्तकबाल किया गया। सोसायटी के पदाधिकारियों ने कामकाज का ब्यौरा हाजियों के सामने रखा गया और जरूरतमंदों के लिए समिति से मदद दिलवाने की बात कही गई। प्रेसिडेंट अंजुम अली ने बताया कि वर्तमान में स्कूल और कॉलेज के 50 बच्चे अल मदद की पहल पर अपनी पढ़ाई जारी रखे हैं। इस मौके पर हाजियों में मंसूर अहमद, इकबाल खान, मंजर आलम, मुस्तफा, फिरोज शाकिर, हामिद खान, मोहम्मद इफ्तिखार खान, मोहम्मद इसराइल सिद्दीकी, सैयद यूनुस अली, मोहम्मद फहीम, इकबाल, शफी मोहम्मद, नसीर अहमद, नजम इकरामुद्दीन, अफजल, अनीस रियाजुद्दीन सिद्दीकी, नसीर अहमद और हमीदुद्दीन सिद्दीकी सहित तमाम हाजियों-हज्जन का इस्तकबाल किया गया।आयोजन में उपाध्यक्ष शबाना सिद्दीकी, सह कोषाध्यक्ष दिलशाद बेगम, सहसचिव लीना तजमीन, सचिव कौसर खान, सहसचिव कैसर इकबाल का सराहनीय योगदान रहा। वहीं कमेटी के सैयद जमशेद अली, सैयद निसार, आबिद खान, अब्दुल शमी, शमीमुद्दीन, जलालुद्दीन, सैयद जमशेद अली, सैयद निसार आरिफ खान, अब्दुल शमी, शमीमुद्दीन, जलालुद्दीन,अल मदद के सदस्यों में फरहीन अली, नीलोफर सगीर, दरख्शां अंजुम, एहसान शेख, गुल निशा, रानी, साबरा, शिरीन, रुखसाना, तहमीना, सायरा, सरवरी निशा, जबीन, नरगिस रेहाना परवीन, निशात, शम्मा जलाल, अंजुम निसा, अमरीन, फरजाना, फरहीन, नाज, फरीदा बेगम, अहमदी बी, यासमीन और अशरफुल की भागीदारी रही।



जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंज उठी ट्विनसिटी, बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा व महाप्रभु की रथयात्रा में उमड़ी भीड़

# पहंडी करते हुए महाप्रभु रथ पर हुए सवार, पहुंचे गुंडिचा मंडप, पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन में नाचते रहे भक्त

ट्विनसिटी में महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ श्रद्धालुओं के अपार जन समूह के बीच जय जगन्नाथ उद्घोष करते हुए भिलाई में सेक्टर 4, सेक्टर 6, कोसानगर और दुर्ग में आमदी मंदिर और किल्ला मंदिर से निकाली गई। श्री मंदिर से बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा व प्रभु जगन्नाथ को मंत्रोच्चार के साथ पहंडी (झूला झूलाते हुए) रथ पर आरुढ़ किया गया। सेंट्रल एवन्यू रोड भक्तों के अपार जनसमूह से भरा दिखाई दिया।

**भिलाई।** महाप्रभु के रथ को खींचने हर कोई ललाइत दिखा। यात्रा की शुरुआत से लेकर गुंडिचा मंडप पहुंचने तक उड़ीसा के पारंपरिक वाद्य यंत्र पर प्रभु की भक्ति में लीन भक्त नाचते झूमते रहे। सेक्टर-6 और सेक्टर-4 से निकली रथयात्रा का मिलन सेक्टर-5 चौक में हुआ।जगन्नाथ समिति के तत्वाधान में सेक्टर-4, बोरिया मार्केट स्थित जगन्नाथ मंदिर से रथयात्रा निकलकर सेन्ट्रल एवेन्यू होते हुए सेक्टर-10 के भव्य गुण्डिचा मंडप में पहुंची। तो वहीं सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर की यात्रा सेंट्रल एवन्यू से होते हुए सेक्टर 6 ए मार्केट में बने गुंडिचा मंडप पहुंची। सेक्टर 4 में रथयात्रा के दौरान रथ के समक्ष परंपरा अनुसार छेरा-पंहरा कार्यक्रम



मुख्य अतिथि बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज चिंतरंजन महापात्र द्वारा संपन्न किया गया। सेक्टर 6 में यह रस्म महामंडेलेश्वर गोविंद गिरी महाराज बर्फानी धाम राजनांदगांव ने निभाई। उड़ीसा के पारंपरिक वाद्य यंत्र झांझ, मंजीरे, ढ़ोल, मृदंग बजाते कीर्तन दल तथा भक्ति संगीत के धुन में नाचते-गाते भक्तजनों ने भाव विभोर होकर रथ खींचा। सेन्ट्रल एवेन्यू में महाप्रभु के दर्शन व पूजा अर्चना के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु सड़क के दोनों ओर खड़े थे। महाप्रभु का रथ सेन्ट्रल एवेन्यु में पहुंचते ही रथ खींचने व दर्शन करने भारी संख्या में लोग उमड़ पड़े। यात्रा के दौरान जगह-जगह अन्न प्रसाद व गजामूंग के प्रसाद का वितरण किया गया व विभिन्न स्थानों पर अनेक संस्थाओं व समाज द्वारा रथ का भव्य स्वागत किया गया।



### सेक्टर-4 में अतिथियों ने निभाई छेरा-पंहरा की रस्म



सेक्टर 4 रथ का संचालन वृंदावन स्वांई, बीसी बिस्वाल, लखन बिस्वाल एवं टीम द्वारा किया गया। रथयात्रा के विभिन्न पूजा कर्म पं पितवास पाढ़ी एवं उनकी टीम द्वारा विधि विधान से संपन्न किया गया। मुख्य अतिथि बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज चितरंजन महापात्र रथ खींचते हुए नजर आए। इस दौरान समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी व महासचिव सत्यवान नायक, समिति के पदाधिकारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। ट्विनसिटी में दोनों स्थानों से निकलने वाली रथ यात्रा सेंट्रल एवन्यू से होकर होकर गुंडिचा मंडप पहुंचती है। इस दौरान दोनो रथ का आमना-सामना होता है। इस दौरान दोनो रथ के पुजारी एक-दूसरे के रथ में जाकर विग्रहों का विधि-विधान से पूजा करते है। यह संयोग देखने भी काफी भक्त रोड के किनारे घंटों इंतजार करते है। सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर में पं तुषार कांत महापात्रा ने सभी अनुष्ठान संपन्न कराया। समिति के अध्यक्ष दिलीप महंती सहित सभी सदस्यों ने यात्रा के दौरान व्यवस्था संभाली।



### लंगूरवीर मंदिर में श्रद्धा-भक्ति के साथ कलश यात्रा एवं ध्वजारोहण



शनिचरी बाजार स्थित लंगूरवीर मंदिर में गुरुवार को श्रद्धा, आस्था एवं धार्मिक उल्लास के वातावरण में मंदिर शिखर पर विधि-विधान के साथ कलश एवं ध्वजारोहण का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार शामिल हुईं और भगवान के दर्शन कर नगर एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। पं. खेमंत तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना कराई। पूजन के उपरांत मंदिर शिखर पर विधिवत कलश स्थापना एवं ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के साथ ही पूरा मंदिर परिसर जयकारों, भक्ति गीतों और श्रद्धालुओं की आस्था से गुंजायमान हो उठा। उन्होंने कहा कि हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और इसे संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### 180 वर्षों की परंपरा का साक्षी बने भक्त, दुर्ग में किल्ली मंदिर और आमदी मंदिर से निकली रथयात्रा





**दुर्ग।** किल्ला मंदिर तमेरपारा की 180 वर्षों से चली आ रही परंपरा के अंतर्गत विशाल रथ में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा को विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। रथयात्रा तमेरपारा स्थित किल्ला मंदिर से प्रारंभ होकर बरई पारा, हटरी बाजार, जवाहर चौक, गांधी चौक, सदर बाजार, कोष्ठा पारा, ब्राह्मण पारा, चंडी चौक, मठ मंदिर, शिव पारा, गवली पारा, ढीमर पारा एवं बनिया पारा होते हुए पुनः किल्ला मंदिर लौटी। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए गजा-मूंग प्रसाद का वितरण किया गया। मान्यता है कि 15 दिनों के विश्राम के बाद भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर विराजमान होकर भक्तों का कुशलक्षेम जानने नगर भ्रमण पर निकलते हैं। इसी परंपरा का निर्वहन दुर्ग में भी वर्षों से श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जा रहा है। इधर रेलवे स्टेशन स्थित ऐतिहासिक आमदी मंदिर से गुरुवार को जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई। यह परंपरा वर्ष 1940 से लगातार निभाई जा रही है। रथयात्रा का आयोजन राजा माधोप्रसाद चंद्राकर एवं गजरा बाई चंद्राकर ट्रस्ट विजयी न्यास आमादी धर्मशाला द्वारा किया गया। जानकारी के मुताबिक प्रसिद्ध दानवीर राजा माधोप्रसाद चंद्राकर ने वर्ष 1933 में आमादी धर्मशाला का निर्माण कराया था। उनके निधन के बाद वर्ष 1939 में उनकी पत्नी गजरा बाई चंद्राकर ने जगन्नाथ मंदिर का निर्माण कराया। मंदिर परिसर में शिव मंदिर, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, दुर्गा माता मंदिर सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित हैं।

कार्नर न्यूज

स्वाद और गुणकारी फायदे के चलते बढ़ी डिमांड

# बारिश में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने डाइट में शामिल हुआ अनानास, जिंक और मैंगनीज की कमी कर रहा दूर

**भिलाई।** ट्विनसिटी के सेट्रल एवन्यू रोड और फल बाजार में सेहतमंद मौसमी फलों में अनानास की बहार छाई हुई है। अनानास के स्वाद और गुणकारी फायदे के चलते लोग इसकी खूब खरीदी करते दिख रहे हैं। शहर के चिल्हर फल स्टॉलों व सड़क किनारे अनानास फल सजे दिखाई दे रहे हैं। वहीं थोक और खुदरा फल बाजार सुपेला मंडी, पावर हाउस, दुर्ग में अनानास की बल्क में आवक हो रही है। थोक फल व्यापारियों ने बताया कि ज्यादातर अनानास की आवक ओडिशा, पश्चिम बंगाल और अन्य उत्पादक राज्यों से हो रही है। बाजार में अनानास की खुदरा कीमत 50 से 80 प्रति किलोग्राम या 40 से



80 प्रति पीस तक होती है, जो इसके आकार और गुणवत्ता पर निर्भर कर रही है। मौसमी फलों में अनानास का खूब डिमांड हो रहा है। घर से लेकर जूस सेंटर, हॉटल, रेस्टोरेंट्स में भी अनानास की डिमांड खूब हो रही है। अनानास से जूस के अलावा लोग स्लाइड्स और कई तरह के डिश भी बनाकर सेवन करते हैं।

अनानास में कई पोषक तत्वशहर की जानी-मानी डायटिशियन डॉ सोनल कालरा बताती हैं कि अनानास में कई ऐसे पोषक तत्वों की मौजूदगी होती है, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूती देने के साथ कई तरह की बीमारियों से हमें सुरक्षा प्रदान कर सकता है। इसमें विटामिन सी, जिंक और मैंगनीज की भी उच्च मात्रा पाई जाती है। कम कैलोरी वाले इस फल में डाइट्री फाइबर और ब्रोमेलैन भी भरपूर मात्रा में मौजूद होता है।

## सिटी इवेंट

# पौधे लगाना ही काफी नहीं संरक्षण भी है बहुत जरूरी



**भिलाई।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण के लिए पुलगांव चौक स्थित भावभूमि निर्माणाधीन आवासीय परिसर में लीनेस क्लब दुर्ग सिटी एवं लीनेस क्लब भिलाई मेन के संयुक्त तत्वावधान में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम सिर्फ पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहा बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक सहभागिता का प्रेरणादायी संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के सेवानिवृत्त उपवन मंडल अधिकारी अब्दुल वाहिद खान उपस्थित थे।

■ लीनेस क्लब दुर्ग सिटी एवं लीनेस क्लब का आयोजन

### पौधों के लिए निभाएं जिम्मेंदारी

इस अवसर पर अब्दुल वाहिद खान कहा कि केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है। उन्हें उचित स्थान, सही विधि, खाद, पानी और नियमित देखभाल के साथ विकसित करना ही वास्तविक पर्यावरण संरक्षण है। उन्होंने ने बताया कि यदि पौधारोपण वैज्ञानिक तरीके से किया जाए और संरक्षण की जिम्मेदारी निभाई जाए तो पौधों के जीवित रहने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। उनका मार्गदर्शन सभी के लिए उपयोगी रहा।

### पदाधिकारियों ने लिया संरक्षण का संकल्प

कार्यक्रम में उद्योगपति कैलाश जैन बरमेचा, मंजू बरमेचा, तुलसी सोनी उपस्थित रहे। लीनेस क्लब की प्रांतीय अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, ली क्लब दुर्ग सिटी अध्यक्ष आकांक्षा मिश्रा, रितु, बरखा, दुर्गेश नंदिनी दुबे, रत्नमाला पलिया, रुचि सक्सेना, सीमा गुप्ता, पुष्पा पांडे, स्नेहलता साहू, पुष्पा मित्रा ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया। क्लब भिलाई मेन की अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में सदस्याओं ने भाग लिया। सभी ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें पूर्ण विकसित वृक्ष बनाया जाएगा। लीनेस क्लब दुर्ग सिटी की ओर से अब्दुल वाहिद खान और कैलाश जैन बरमेचा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे अभियान समाज के सामूहिक प्रयास से ही सफल होते हैं। उपस्थित सभी ने यह संकल्प दोहराया कि वृक्षारोपण को औपचारिकता नहीं बनाया जाएगा बल्कि प्रत्येक पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी निभाई जाएगी।



## समाज इवेंट

# देवांगन समाज ने पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेंदारी, जताया आभार



**भिलाई।** परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर रिसाली में माता परमेश्वरी की आरती एवं जसगीत के बाद जिला देवांगन कल्याण समाज दुर्ग के पदाधिकारियों द्वारा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रबंधकारिणी सदस्यों के चुनाव में सहयोग करने वाले देवांगन जन कल्याण समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए रखा गया था। चुने गए पदाधिकारियों दवरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पदाधिकारी अध्यक्ष रामानंद देवांगन, कार्यकारिणी सदस्य दिनेश देवांगन एवं सह सचिव कल्पना देवांगन द्वारा सहयोग किया गया। पदाधिकारियों ने निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेकर कार्यक्रम को संपन्न कराने लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छत्तीसगढ़ के कार्यकारिणी सदस्य शांति लाल देवांगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को अध्यक्ष रामानंद देवांगन, कोषाध्यक्ष रेशमलाल देवांगन, उषा देवांगन पूर्व महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, कल्पना देवांगन महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, महेंद्र देवांगन युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित किया। वक्ताओं ने समाज की एकता, संगठन की मजबूती और आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए सभी प्रकोष्ठों को मिलकर काम करना होगा। कार्यक्रम में देवांगन जन कल्याण समिति के सचिव सोहन लाल देवांगन एवं वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। महिला प्रकोष्ठ से जयश्री, लक्ष्मी, तनु, हेमलता, कांति, दामिनी, इंदु, मधु, दमयंती, योगिता, मीनाक्षी, सरिता, कामना, कल्याणी, स्वाति, आकांक्षा, केजा, केश्वरी तथा युवा प्रकोष्ठ से चूरनलाल, श्रवण, त्रिलोक, हिम्मतलाल, युधिष्ठिर, शिवकुमार, अनंत, गोवर्धन, राजूलाल, सत्यपाल, ढालसिंह, रूपलाल, नंदकुमार, चैनेश्वर, नरेन्द्र, चन्द्रकुमार, विजय, संदीप, राहुल, अविनास, मंगतू, परमेश्वर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन युगल किशोर देवांगन और आभार व्यक्त रेशम लाल देवांगन द्वारा दिया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी शंकर लाल देवांगन ने दी।



● शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, निःशुल्क वितरण अभियान

# वृक्ष मानव जीवन का आधार, 31 पौधों से हुई शुरुआत, 101 पौधे लगाने का लिया लक्ष्य

भिलाई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यात्म पथ परिवार और आचार्य डॉ. अजय आर्य द्वारा संचालित निःशुल्क पौधा वितरण महाअभियान के तहत विद्यालय परिसर में 31 पौधों का रोपण कर अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान आगामी दिनों में 101 पौधे लगाने और उनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य नीलमणि उज्जवने ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की आवश्यकता नहीं बल्कि मानव जीवन का आधार हैं। आज आवश्यकता सिर्फ पौधे लगाने की नहीं बल्कि उनके संरक्षण की भी है।उन्होंने अध्यात्म पथ परिवार के अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन के किसी एक विशेष अवसर पर एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण संकल्प ले तो यह अभियान जनआंदोलन बन सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक संख्या में इससे जुड़कर धरती को हरित, स्वच्छ और सुरक्षित बनाने का आह्वान किया।



### नागरिकों का नैतिक कर्तव्य

भवानी सिंह देशमुख ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सिर्फ शासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन, स्वच्छ वायु और सुरक्षित भविष्य का आधार बनेगा। शीला चंद्रा ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रकृति प्रेम और वृक्ष संरक्षण के संस्कार विकसित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विद्यालय से शुरू हुआ यह अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनेगा।



### शहर में चलेगा वृक्ष रथ, 600 पौधों से हुआ वृक्षोपहार का शुभारंभ

पर्यावरण संरक्षण को जन-जन का संकल्प बनाने के लिए अध्यात्म पथ संस्थान द्वारा वृक्षोपहार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसके पहले पहले चरण में 600 पौधे नागरिकों को भेंट किए गए और वृक्षारोपण का संदेश दिया गया। अभियान को घर-घर तक पहुंचाने के लिए विशेष वृक्ष रथ भी तैयार किया जा रहा है। पौधे को परिवार जैसा सहेजने के लिए डॉ अजय ने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की शोभा नहीं बल्कि मानव जीवन का आधार, शुद्ध वायु के स्रोत और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि आज जरूरत सिर्फ पौधे लगाने की नहीं बल्कि उन्हें परिवार के सदस्य की तरह सहेजने और बड़ा करने की है। पौधे का मूल्य केवल इतना है कि उसे लगाएं,



बचाएं और बड़ा करें। भारतीय शास्त्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि दस कुओं के बराबर एक बावड़ी, दस बावड़ियों के बराबर एक तालाब, दस तालाबों के बराबर एक पुत्र और दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है। यह केवल अलंकार नहीं बल्कि प्रकृति और जीवन के गहरे संबंध का संदेश है। वृक्ष प्राणवायु देते हैं, छाया देते हैं, वर्षा में सहायक होते हैं और पशु-पक्षियों को आश्रय देते हैं। संस्थान ने बताया कि यह महाअभियान आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री, अंतर्राष्ट्रीय वेद कथाकार, दिल्ली के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है।आगामी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 3 से 4 चरणों में कार्यक्रम होंगे। इसके लिए वृक्ष रथ तैयार किया जा रहा है जो घर-घर, गली-मोहल्लों और कॉलोनियों में पहुंचकर लोगों को जागरूक करेगा और पौधे उपहार में देगा।

### पौधे लगाकर संरक्षण का निभाएं दायित्व

कार्यक्रम की मुख्य संयोजक हर्षा ताम्रकार ने पूरे अभियान का समन्वय किया। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणजनों से अधिक संख्या में वृक्षारोपण से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसके संरक्षण का दायित्व भी निभाएं। यही प्रकृति के प्रति सच्ची श्रद्धा है। कार्यक्रम में रूपमती साहू, प्रीतम देवांगन, दनेश्वरी सिन्हा, वेदिका साहू, प्रीति सलाम, सी.एम. बिसेन, रीना पिलोदिया, वीरेंद्र गजपाल सहित विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में विद्यालय परिवार ने अध्यात्म पथ परिवार, आचार्य डॉ. अजय आर्य और मिस ग्लैम छत्तीसगढ़ हेमा सक्सेना के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने कहा कि यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का व्यापक जनआंदोलन बनकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनेगा।



## आयोजन...

# नवनिर्वाचित विद्यार्थियों का अलंकरण कर दिलाई कर्तव्य और अनुशासन की शपथ



**भिलाई।** मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिसाली में सत्र 2026-27 का शपथ ग्रहण समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजम सुधाकरन उपस्थित थीं। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों का स्वागत पौधा प्रदान करके किया गया।

**कैप्टंस को अलंकृत कर दिलाई शपथ :** साक्षात्कार द्वारा चयनित विद्यार्थी पदाधिकारियों को अलंकृत कर शपथ दिलाई गई। स्कूल कैप्टंस में हेड ब्वॉय अनिर्बान मुखर्जी, कक्षा 12वीं हेड गर्ल माही चंद्रा, कक्षा 12वीं वाइस हेड ब्वॉय गौरव वारिवेय, कक्षा 12वीं वाइस हेड गर्ल रानी पटेल को अतिथियों द्वारा सभी कैप्टंस को बैच और सैश पहनाए गए। विद्यालय की प्रबंधक एवं प्राचार्या डॉ. सजीता थंबी ने पदाधिकारियों को पद की प्रतिष्ठा बनाए रखने और विद्यालय के प्रति कर्तव्य निर्वाह की शपथ दिलाई। उप प्राचार्या डॉ. बीना सजीव ने हाउस कैप्टंस को हाउस की जिम्मेदारी और प्रतिस्पर्धाओं में अग्रणी भूमिका निभाने की शपथ दिलाई। प्रधान अध्यापिका निशी साजन ने कैप्टंस को विद्यालय अनुशासन में अहम भूमिका निभाने की शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर प्रबंधक एवं प्राचार्या डॉ. सजीता थंबी ने स्वागत भाषण देते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक विचार के साथ भूमिका निभाने की बातें कही। साथ ही समर्पण भाव से विद्यालय की जिम्मेदारियों का निर्वहन करने और विद्यालय की संस्कृति व नियमों का पालन करते हुए अपने व्यक्तित्व व चरित्र का निर्माण करने को कहा। प्रबंधक एस. सजीव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शैक्षिक गतिविधियों, समय की पाबंदी और अन्य प्रतियोगिताओं में एक आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो पद मिला है उसे ईमानदारी, जिम्मेदारी और कठिन परिश्रम से निभाना होगा। आप समाज के भावी नागरिक और देश के भावी नेतृत्व हैं। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्षा राजम सुधाकरण, प्रबंधक एस. सजीव एवं एस. साजन, प्राचार्या डॉ. सजीता थंबी, उपप्राचार्या डॉ. बीना सजीव, प्रधान अध्यापिका निशी साजन आदि मौजूद थे।

# वर्ल्ड यूथ स्किल डे पर स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग और रेसिंग आर्ट से दिखाई प्रतिभा



**भिलाई।** लायंस क्लब भिलाई पिनेकल द्वारा वर्ल्ड यूथ स्किल डे (विश्व युवा कौशल दिवस) के अवसर पर शंकराचार्य महाविद्यालय में विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। युवाओं के कौशल को निखारने और उन्हें मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग और रेसिंग आर्ट जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। युवाओं ने अपनी कला और रचनात्मकता के माध्यम से कौशल विकास के महत्व को कैनवास और कागजों पर बखूबी उकेरा। प्रतियोगिताओं के समापन पर लायंस क्लब भिलाई पिनेकल की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और मोमेंटो स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम लायंस क्लब भिलाई पिनेकल की प्रेसिडेंट लायन शालिनी सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट विभा भूटानी, पास्ट प्रेसिडेंट नम्रता चाने, डॉ अर्चना झा और कोषाध्यक्ष डॉ. सुब्रता नागपाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने छात्र-छात्राओं के हुनर की सराहना की और उन्हें भविष्य में अपने कौशल को और अधिक तराशने के लिए प्रेरित किया।

**छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा**

केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में हुई 37 छग बटालियन एनसीसी दुर्ग द्वारा कैडेट चयन प्रक्रिया

# विद्यार्थियों ने अनुशासन और राष्ट्रसेवा की चुनी राह, कठोर मूल्यांकन के बाद 52 कैडेट्स का हुआ चयन,राष्ट्रभक्ति के दिए मंत्र

## कार्नर न्यूज

भिलाई। केंद्रीय विद्यालय में 37 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी दुर्ग द्वारा कैडेट चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। चयन प्रक्रिया 37 छत्तीसगढ़ बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नीलेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में हुई। विद्यालय परिसर में हुए इस चयन में विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट परिचय दिया।



### कठोर मूल्यांकन के बाद 52 कैडेट्स का चयन

चयन के दौरान विद्यार्थियों का मूल्यांकन विभिन्न आधारों पर जिसमें शारीरिक दक्षता, शैक्षणिक उपलब्धियां, खेलकूद प्रदर्शन, सांस्कृतिक प्रतिभा, व्यक्तित्व, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता, कठोर एवं पारदर्शी प्रक्रिया के बाद 24 छात्र और 28 छात्राओं सहित 52 विद्यार्थियों का एनसीसी के लिए चयन किया गया। चयन कार्य फर्स्ट ऑफिसर मनोज कुमार भारद्वाज एवं परेड निरीक्षक द्वारा संपन्न कराया गया।



### अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के दिए मंत्र

इस अवसर पर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नीलेश चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मनिर्भरता, साहस, समयबद्धता और राष्ट्रभक्ति जैसे श्रेष्ठ गुणों का विकास करने वाला देश का सबसे सशक्त युवा संगठन है। उन्होंने कहा कि एनसीसी का ध्येय केवल सैन्य प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय एकता तथा चरित्र निर्माण के माध्यम से जिम्मेदार नागरिक तैयार करना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से हर चुनौती को अवसर में बदलने तथा सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। इस अवसप पर विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य पुष्पा बड़ा ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनसीसी में चयन विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक एनसी कैडेट विद्यालय का आदर्श प्रतिनिधि होता है और उसे स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जनजागरण, रक्तदान, आपदा सहायता जैसी सेवा गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्हें विश्वास है कि चयनित कैडेट विद्यालय, समाज और राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करेंगे। चयन प्रक्रिया में वरिष्ठ एनसीसी कैडेट जैनब, रिया, श्रेया एवं रक्षित का विशेष योगदान रहा। विद्यालय परिवार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सब जूनियर एवं जूनियर स्विमिंग का जिला चयन ट्रायल कल भिलाई में



**भिलाई।** 16वीं सब जूनियर एवं जूनियर छत्तीसगढ़ राज्य स्विमिंग स्पर्धा का आयोजन खेल परिसर सरकंडा बिलासपुर में 22 एवं 23 जुलाई को राज्य एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में दुर्ग जिला की सब जूनियर एवं जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें भाग लेगी।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के पूर्व जिले के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 18 जुलाई को शंकरा मेडिकल कॉलेज, जुनवानी भिलाई के स्विमिंग पूल में दोपहर 2:00 बजे से आयोजित किया जा रहा है। भाग लेने वाले खिलाड़ियों को दोपहर 1:00 बजे तक अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। खिलाड़ियों को आयु प्रमाण हेतु आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी व मूल प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। सब-जूनियर में खिलाड़ियों की आयु ग्रुप -3 में 11 एवं 12 वर्ष (वर्ष 2015 एवं 2014) एवं ग्रुप -2 में 13 एवं 14 वर्ष (वर्ष 2013 एवं 2012) जूनियर में खिलाड़ियों की आयु ग्रुप -1(ए) में 17 से 18 वर्ष (वर्ष 2009 एवं 2008) तथा ग्रुप -1(बी) में 15 से 16 वर्ष (वर्ष 2011 एवं 2010) शामिल हैं।

### दक्षिण अफ्रीका में भिलाई के अमान का दमदार प्रदर्शन एक स्वर्ण




**भिलाई।** दक्षिण अफ्रीका में 4 से 12 जुलाई 2026 तक आयोजित विश्व स्तरीय एशिया-पैसिफिक-अफ्रीकन अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भिलाई के खिलाड़ी अमान शुक्ला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्लासिक (अनइक्विप्ड) स्पर्धा के 120 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। इस वर्ग का स्वर्ण पदक ताइवान के खिलाड़ी ने जीता।

अमान शुक्ला ने इससे पहले 8 जुलाई को प्रतियोगिता की इक्विप्ड श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया था। इसके बाद क्लासिक (अनइक्विप्ड) स्पर्धा में रजत पदक जीतकर उन्होंने अपने अभियान का शानदार समापन किया। यह उनकी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता रही, जिसमें उन्होंने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर भारत, छत्तीसगढ़ और भिलाई का नाम रोशन किया। अपनी सफलता पर अमान शुक्ला ने अपने कोच आसिफ अली तथा भारतीय टीम के कोच कृष्णा साहू का विशेष आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में एशियन, पैसिफिक एवं अफ्रीकन पावरलिफ्टिंग महासंघ के चेयरमैन हनी स्मिथ ने भारतीय टीम के कोच एवं अंतरराष्ट्रीय निर्णायक कृष्णा साहू को प्रतियोगिता में निर्णायक और जूरी सदस्य के रुप में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### राज्य स्तरीय एवं वेस्ट जोन बैडमिंटन की तैयारी



**रायपुर।** बिलासपुर जिला बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में सीनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के साथ वेस्ट जोन की महत्वपूर्ण स्पर्धा न्यायधानी में आयोजित होगी। इसमें 25 से 29 अगस्त तक राज्य स्तरीय सीनियर प्रतियोगिता होगी। जिसमें लगभग 200 बालक बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे।

वेस्ट जोन बैडमिंटन में 5 राज्यों क्रमशः गुजरात, गोवा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र एवं मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम भाग लेगी। जिसमें लगभग इन राज्यों के 90 खिलाड़ियों के साथ कोच, मैनेजर, रेफरी अंपायर सहित लगभग 150 की संख्या में राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रदर्शन कर चुके खिलाड़ियों का जमावड़ा लगेगा।

इस संबंध में तैयारी को लेकर हुई बैठक में बैडमिंटन कोर्ट, स्पोन्सर, आवास, भोजन, जल, आवागमन, रेफरी की उपलब्धता, अतिथि आगमन, खिलाड़ी सुविधा विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी। इस दौरान जिले बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अरविंद गोयल, सचिव श्री चंद्राकर, उपाध्यक्ष मनीष उभरानी, सौरभ राय, मुख्य फील्ड सहयोगी कमल राय, मुख्य रेफरी प्रताप भट्टाचार्य, कोच गुरदीप सिंह, हेम पांडे, महिला कोच भारती दुबे, चम्पा मजूमदार, दिव्य सिंह एवं मीडिया सहयोगी जावेद अली ने अपने अपने विचार व्यक्त कर इस सफल आयोजन के बैठक में भाग लिया।

हार्ट अटैक से मिलते-जुलते हैं हार्ट बर्न क्या होता है के लक्षण

# दिल पर आने वाली आपदा अटैक के बजाए हो सकती है हार्टबर्न, नौजवान भी तेजी से आ रहे इसकी चपेट में

हार्ट बर्न की समस्या अब नौजवानों में ज्यादा देखने को मिल रही है। आजकल की बदलती जीवनशैली (फास्ट फूड, तनाव, खराब पोस्चर) के कारण नौजवान हार्ट बर्न (सीने में जलन) या एसिड रिफ्लक्स से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। यह पेट का एसिड वापस भोजन नली में आने से होता है। हार्टबर्न सीने या गले में होने वाली एक जलन है, जो तब होती है जब पेट का एसिड वापस भोजन नली में ऊपर की ओर आ जाता है। यह दिल की बीमारी नहीं है, लेकिन छाती के बीच की हड्डी (ब्रेस्टबोन) के पीछे असहजता और जलन महसूस होती है। आमतौर पर लोग ऐसी दिक्कत को दिल की बीमारी से जोड़ लेते हैं। चूंकि दोनों ही समस्याओं में लक्षण एक जैसे होते हैं ऐसे में इनकी पहचान कर पाना कठिन हो जाता है। आइए जानते हैं कि हार्ट अटैक और हार्ट बर्न में क्या अंतर होता है?

## हार्टबर्न की समस्या के बारे में जानिए



हार्टबर्न, सीने में जलन होने की समस्या है, ये पेट में बने एसिड के ग्रासनली में वापस आने के कारण होती है। यह गैस्ट्रोइसोफेगल रिफ्लक्स डिजीज का एक सामान्य लक्षण है। वैसे तो ये समस्या अक्सर हल्के स्तर की होती है और सामान्य उपायों से ठीक भी हो जाती है, हालांकि कुछ मामलों में इसके कारण कई तरह की दिक्कतों का खतरा हो सकता है। हार्ट बर्न के कारण छाती में जलन होता है जो पेट के ऊपरी हिस्से को भी प्रभावित कर सकता है। आमतौर पर खाने के बाद, लेटते या झुकते समय ये दिक्कत अधिक होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, लंबे समय तक बैठे रहने या खान-पान में समस्या के कारण हार्टबर्न होता है। गंभीर स्तर के हार्ट बर्न की समस्या और हार्ट अटैक में अंतर करना मुश्किल हो सकता है।

## हार्टबर्न से मिलते-जुलते हैं हार्ट अटैक के लक्षण

डॉक्टर कहते हैं, हार्ट बर्न, एनजाइना और दिल का दौरा के लक्षण कई बार एक जैसे लग सकते हैं। अनुभवी डॉक्टर भी मेडिकल हिस्ट्री और शारीरिक जांच के बिना इसकी पहचान नहीं कर पाते हैं। हालांकि हार्टबर्न से इतर हार्ट अटैक की समस्या, दिल की धमनियों में जमाव और इसके कारण रक्त का प्रवाह बाधित होने के कारण होती है। हार्टबर्न की स्थिति में आमतौर पर सीने में जलन का एहसास होता है, क्योंकि यह पेट के एसिड के ग्रासनली में वापस जाने के कारण होता है। दूसरी ओर, दिल का दौरा पड़ने पर सीने में दबाव, जकड़न या दबाव जैसा महसूस हो सकता है। सीने में जलन की समस्या आमतौर पर



खाने के तुरंत बाद या कुछ घंटों के भीतर होती है, वहीं हार्ट अटैक कभी भी हो सकता है।

## हार्ट बर्न से कैसे बचाव करें?

हार्टबर्न (सीने में जलन) का आपकी जीवनशैली से गहरा संबंध है। गलत खान-पान, धूम्रपान, मोटापा, और भोजन के तुरंत बाद लेट जाना इसके प्रमुख कारण हैं। जीवनशैली में छोटे सुधार करके, जैसे रात को जल्दी खाना और वजन नियंत्रित रखना, इस समस्या से आसानी से बचा जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हार्ट बर्न के खतरे से बचे रहने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। भोजन के दौरान ज्यादा पानी न पिएं, इससे आपकी ग्रासनली पर दबाव पड़ता है। लार का उत्पादन बढ़ाने के लिए च्युइंग गम चबाएं। इससे भोजन को पचाने में मदद मिलती है। खाने के बाद लेटने से सीने में जलन हो सकती है, इसलिए भोजन के बाद टहलने की आदत बनाएं।



# डायबिटीज के मरीजों को आंखों पर देना चाहिए खास ध्यान

जिन लोगों को शुगर लेवल अक्सर हाई रहता है, उनमें समय के साथ नसों, पाचन, हार्ट और आंखों से कम दिखने की दिक्कत होने लगती है। डायबिटीज की समस्या आपकी आंखों को कैसे प्रभावित करती है, इससे कारण अंधेपन का खतरा कैसे बढ़ जाता है, इस बारे में जानिए जरूर।

डायबिटीज या हाई ब्लड शुगर की समस्या दुनियाभर में तेजी से बढ़ती जा रही है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी इसका शिकार हो रहे हैं। अध्ययनकर्ता कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण डायबिटीज के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। इसके अलावा जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को ये दिक्कत रही है, उन्हें भी खतरा अधिक हो सकता है। डायबिटीज सिर्फ ब्लड शुगर बढ़े रहने की बीमारी नहीं है, इसका शरीर पर कई अन्य तरह से भी असर हो सकता है। जिन लोगों को शुगर लेवल अक्सर हाई रहता है, उनमें समय के साथ नसों, पाचन, हार्ट और आंखों से कम दिखने की दिक्कत होने लगती है। डायबिटीज की समस्या आपकी आंखों को कैसे प्रभावित करती है, इससे



कारण अंधेपन का खतरा कैसे बढ़ जाता है, आइए इस बारे में आगे विस्तार से समझते हैं।

## डायबिटिक आई डिजीज या डायबिटिक रेटिनोपैथी

हमारी आंखें एक कैमरे की तरह हैं, जो हमें दुनिया को देखने में मदद करती हैं। लेकिन जब शरीर में शुगर का स्तर लंबे समय तक बढ़ा हुआ रहता है, तो यह स्थित आंखों की रोशनी को धीरे-धीरे धुंधला करने लग जाती है। इसे डायबिटिक आई डिजीज या डायबिटिक रेटिनोपैथी के नाम से जाना जाता है। ये आंखों से जुड़ी एक गंभीर स्थिति है, और अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए, तो अंधापन तक हो सकता है। अब सवाल ये है कि हाई शुगर की स्थिति आंखों को कैसे नुकसान पहुंचाती है?

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ समीर शुक्ला बताते हैं, डायबिटीज की समस्या शरीर में मौजूद रक्त वाहिकाओं (ब्लड वेसेल्स) को नुकसान पहुंचाने लगती है। आंखों में भी बेहद नाजुक रक्तवाहिकाएं होती हैं। रेटिना वाले हिस्से में मौजूद वाहिकाएं हाई शुगर के कारण प्रभावित होने लग जाती है। जिन लोगों का शुगर का लेवल अक्सर हाई रहता है, उनमें आंखों की रक्तवाहिकाओं में लीक होने या सूजन की दिक्कत देखी जाती है।

## अध्ययनों से क्या पता चला?

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, डायबिटीज के कारण होने वाला अंधापन 20-65 वर्ष की उम्र के लोगों में सबसे प्रमुख कारणों में से एक है। हर तीन में से एक डायबिटिक व्यक्ति को किसी न किसी स्तर की रेटिनोपैथी की समस्या हो सकती है।वहीं लैंसेंट डायबिटीज और एंड्रोक्रोनोलॉजी में प्रकाशित एक रिपोर्ट से पता चलता है कि लगातार 10 साल से अधिक समय से डायबिटीज से ग्रसित लोगों में आंखों की जटिलता की आशंका 60% तक बढ़ जाती है।



# प्रांजल और अद्वित बने छत्तीसगढ़ राज्य अंडर-13 शतरंज के चैंपियन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य अंडर-13 फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप 2026 का समापन गुरुवार को हुआ। प्रतियोगिता में राज्य के 15 जिलों से 46 फिडे रेटेड सहित 126 खिलाड़ी शामिल हुए।

अंतिम राउंड में शीर्ष बोर्डों पर बेहद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। शीर्ष बोर्ड पर प्रांजल सिंह और ईशिका मडके ने अपने फाइनल मुकाबले ड्रॉ खेलकर सुरक्षित रणनीति अपनाई और शीर्ष स्थान सुनिश्चित करते हुए अपने-अपने वर्ग में राज्य चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

वहीं तीसरे बोर्ड पर अद्वित पांडे और सिद्धार्थ मिश्रा के बीच बेहद संघर्षपूर्ण मुकाबला खेला गया। कठिन स्थिति में फंसे अद्वित ने काले मोहरों के साथ शानदार रक्षात्मक खेल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबला ड्रॉ कराया और महत्वपूर्ण आधा अंक अर्जित कर उपविजेता का स्थान सुनिश्चित किया।

बालिका वर्ग में निष्ठा त्रिपाठी ने अंतिम राउंड में अद्विका पांडे को पराजित करते हुए शानदार जीत दर्ज की और उपविजेता बनने में सफलता प्राप्त की। यह मुकाबला पूरे अंतिम राउंड के सबसे आकर्षक मुकाबलों में से एक रहा।

प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्रथम स्थान दुर्ग जिले के प्रांजल सिंह, द्वितीय स्थान रायपुर जिले के अद्वित पांडे, तृतीय स्थान दुर्ग जिले के शिल्प कुमार घोड़ेश्वर, चतुर्थ स्थान रायगढ़ जिले के ऋषित अग्रवाल एवं पंचम स्थान पर दुर्ग जिले के वी. विराट अय्यर ने प्राप्त किया।

इसी प्रकार बालिका वर्ग में प्रथम स्थान दुर्ग जिले की ईशिका मडके, द्वितीय स्थान रायपुर जिले की



निष्ठा त्रिपाठी, तृतीय स्थान रायगढ़ जिले की अनुरुद्धि अनंत, चतुर्थ स्थान राजनांदगॉव जिले की राशि वारुडकर एवं पंचम स्थान रायपुर जिले की सावी गौरी ने प्राप्त किया। दोनों वर्गों के प्रथम तीन स्थानों पर आये खिलाड़ियों को क्रमशः 5000, 3000 एवं 2000 रू. का नकद पुरस्कार एवं ट्राफी दिया गया एवं पर सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ एवं अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के चयन नियमों के अनुसार बालक एवं बालिका वर्ग के प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आये खिलाड़ी राष्ट्रीय अंडर-13 शतरंज चैंपियनशिप हेतु छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगें एवं तृतीय एवं चतुर्थ स्थान पर आये खिलाड़ी रिजर्व में होंगे।

प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी एवं बिलासपुर जिला शतरंज संघ के पदाधिकारी मनीष उभरानी एवं छत्तीसगढ़ के अंतराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी श्रेयांश डाकलिया मंचासीन रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा किया गया।

# बरसात में रोशनी करते ही मंडराने लगते हैं कीड़े तो करें कुछ देसी उपाय



बरसात के मौसम में नमी के बाद दूसरी बड़ी समस्या बरसाती कीड़ों की होती है। अगर आपके भी किचन में शाम के वक्त ये कीड़े आकर आतंक मचाने लगते हैं, आपको इनसे छुटकारा पाने के कुछ देसी जुगाड़ अपनाना चाहिए।

## बरसाती कीड़ों को किचन से भगाने के देसी जुगाड़

आप नीचे बताए जा रहे इन जुगाड़ को आसानी से घर में रखी चीजों की मदद से आजमा सकती हैं। इनको करने में मेहनत और पैसे दोनों बच जाएंगे।

## लहसुन और तेजपत्ता करेगा कमाल

इसके लिए आपको लहसुन की करीब 4-5 कलियां छील लेनी हैं। अब आप मसालदानी में रखे 3-4 तेजपत्ते भी लें। फिर आपको एक बड़ा मिट्टी का दिया लेना है। उसमें आप लहसुन की कलियां और तेजपत्ते के टुकड़ें तोड़कर रखें। ऊपर से दो कपूर की गोलियां भी रख दें। अब इसमें आपको आग लगाकर बुझा देना है। कपूर, लहसुन और तेजपत्ते की तेज स्मेल से एक भी बरसाती कीड़ा आपकी किचन में भी आएगा। यह धुआं आपकी सेहत के लिए भी हानिकारक नहीं रहेगा।

## नीम की पत्तियां

आपको गाय के गोबर का उपला लेना है। अब इसपर आपको ताजी नीम की पत्तियां लाकर रख देनी हैं। इसपर भी आप थोड़ी कपूर की गोलियां रख दें। ताकि यह आसानी से जल जाए।

कार्नर न्यूज

## जिम में वर्कआउट करने फोकस और मोटिवेशन बेहद जरूरी

# एक्सरसाइज के लिए मोटिवेट करेंगे कुछ खास टिप्स, वर्कआउट में भी आपका लगेगा मन

जिम जाकर वर्कआउट करने के लिए फोकस और मोटिवेशन जरूरी होता है। इसके लोग अलग-अलग तरीके अपनाते हैं। जैसे : कुछ लोग एक्सरसाइज करने के लिए जिम में एनर्जेटिक गाने सुनते हैं। वहीं कुछ लोग मोटिवेशन स्पीच भी सुनते हैं। जो लंबे समय के बाद जिम में एक्सरसाइज करने जाते हैं उन लोगों को भी मोटिवेशन की जरूरत होती है। काफी समय से एक्सरसाइज नहीं करने पर माइंड वर्कआउट से हट जाता है। इसके बाद फिर से उसमें मन लगाने के लिए धीरे-धीरे खुद पर काम करना होता है। वर्कआउट में मन न लगने का कारण और उपाय आपको पता होना चाहिए. इस बारे में साइकोलॉजिस्ट से भी बात कीजिए जो आपको कुछ टिप्स बताएंगे।

## वर्कआउट ड्रेस पर दें ध्यान

कई मायनों में स्वेटशर्ट या योग पैंट की एक जोड़ी जिम जाने के लिए मोटिवेट करती है। रिसर्च में साबित हुआ है कि हमारा दिमाग 'संज्ञानात्मक अनुभूति' के लिए अतिसंवेदनशील होता है। यानी अवसर के मुताबिक यदि कपड़े पहने जाते हैं तो उस काम को करने में अधिक फोकस लगता है और महत्वाकांक्षा को भी बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। यदि आप वर्कआउट ड्रेस में एक्सरसाइज करने जाते हैं तो निश्चित ही नॉर्मल ड्रेस की बजाय वर्कआउट करने में अधिक फोकस और मोटिवेशन मिलेगा।



## जल्दी जिम जाओ

सुबह जल्दी उठकर अपना दिन शुरू करने से पहले जिम जाना फायदेमंद होता है, इस बारे में आप अपने घर वालों से सुनते रहते होंगे। इसलिए कोशिश करें कि सुबह जल्दी उठकर एक्सरसाइज करके आ जाएं। इससे आप जल्दी अपनी दिनचर्या की शुरुआत कर सकते हैं। लेकिन यदि आप सुबह देर से उठते हैं तो आलस्य के कारण जिम नहीं जाएंगे। पहले कुछ दिन सुबह बिस्तर से उठना कठिन हो सकता है, लेकिन एक बार जब आप आदत पढ़ जाती है तो फिर आप बिना अलार्म के भी सुबह जल्दी उठ जाएंगे।

## सक्सेस के बारे में सोचें

विजुअलाइजेशन, एथलेटिक टूल है, जिसका उपयोग दशकों से किया जा रहा है। अपनी आंखें बंद करके और यह कल्पना करके कि किसी गोल को प्राप्त करने या किसी एक्सरसाइज को पूरा करने के बाद आप कैसे दिखेंगे, कैसे महसूस करेंगे और किस तरह से शारीरिक और मानसिक असर आप पर पड़ेगा, यह काफी मायने रखता है। ऐसा करके आप शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार हो सकते हैं। यदि वर्कआउट के लिए मोटिवेशन नहीं मिल पा रहा है तो एक बार विजुअलाइजेशन करके देखें,



यकीन मानिए यह चमत्कारिक रूप से काम करेगा और गोल के काफी करीब लेकर जाएगा।

## ट्रेनर से बात करें

सर्टिफाइड फिटनेस ट्रेनर आपके वर्कआउट को अधिक अच्छा बना सकता है। उन्हें यह सब सिखाया जाता है कि अगर किसी का वर्कआउट में मन न लगे तो किस तरह उसे ट्रैक पर वापस लाया जाए।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## माइकल ने 'ऑब्सेशन' के सीक्वल को लेकर किया बड़ा खुलासा



हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' में मुख्य भूमिका निभा चुके माइकल जॉनस्टन ने इस फिल्म के सीक्वल को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' फिलहाल सिनेमाघरों में चल रही है और इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी देखा जा सकता है। 'ऑब्सेशन' ने बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की है, अब इसके सीक्वल को लेकर एक खास जानकारी सामने आई है। जिसे लेकर फिल्म के मुख्य अभिनेता माइकल जॉनस्टन ने खुलासा किया है।

'ऑब्सेशन' फिल्म के मुख्य अभिनेता माइकल जॉनस्टन ने एक इंटरव्यू में यह साफ किया है कि इस फिल्म के सीक्वल की फिलहाल कोई योजना नहीं है। माइकल ने कहा कि हालांकि वे इस फिल्म के अगले भाग में काम करना पसंद करेंगे, लेकिन अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है। माइकल ने मजाक में कहा कि फिल्म में उनके किरदार 'बेयर' को जो अंत मिला, दर्शक उसी के हकदार उसे मानते थे। इसलिए शायद ही लोग उसकी वापसी चाहें। हालांकि, उन्होंने फिल्म के निर्देशक करी बार्कर के उस आइडिया की तारीफ की, जिसमें इस फिल्म को एक अलग-अलग कहानियों वाली सीरीज में बदलने की बात कही गई है। फिल्म 'ऑब्सेशन' करीब 6.2 करोड़ रुपये के छोटे बजट में मात्र 20 दिनों में बनकर तैयार हुई थी। लेकिन इसने दुनिया भर में करीब 3,300 करोड़ रुपये से ज्यादा की रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। यह इस साल की सबसे बड़ी हॉरर फिल्म बनकर उभरी है। फिल्म 'ऑब्सेशन' में बेयर (माइकल जॉनस्टन) नाम का लड़का अपनी क्रश निक्की (इंडे नवरेट) का दिल जीतने के लिए एक जादुई और रहस्यमयी खिलौना तोड़ता है।

### टॉलीवुड


## खत्म हुआ 'जन नायकन' का इंतजार 23 जुलाई को होने जा रही रिलीज



साउथ अभिनेता थलापति विजय की आगामी फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज का इंतजार अब खत्म हुआ। फिल्म निर्माताओं ने आज सोशल मीडिया पर विजय की फिल्म 'जन नायकन' का एक खास पोस्टर साझा किया और साथ ही रिलीज डेट से परदा भी उठाया। 'जन नायकन' के निर्माताओं ने विजय की फिल्म की रिलीज की घोषणा कर दी है। यह फिल्म 23 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस खुशखबरी से विजय के फैंस बेहद खुश हैं और साथ ही फिल्म के लिए काफी उत्साहित भी हैं। पहले यह फिल्म 9 जनवरी को रिलीज होनी थी, लेकिन तमिलनाडु विधानसभा चुनावों और सीबीएफसी से सर्टिफिकेट ना मिलने के चलते इसकी रिलीज डेट टलती गई। बहरहाल, अब विजय तमिलनाडू के मुख्यमंत्री बन चुके हैं। अब उनकी यह फिल्म 23 जुलाई को सिनोमाघरों में रिलीज होगी। आज फिल्म 'जन नायकन' के निर्माताओं ने आखिरकार इसकी रिलीज डेट की घोषणा के साथ एक खास पोस्टर भी साझा किया है। इस पोस्टर में विजय पुलिस वर्दी में स्टाइलिश अंदाज में नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर में विजय के हाथ में एक पुलिसकर्मी की तरह बंदूक नहीं बल्कि तलवार नजर आ रही है, जो हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रही है।

### भोजपुरी

## पावर स्टार के नए गाने के साथ पत्नी ज्योति का क्रिप्टिक पोस्ट



भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया है। उन्होंने इसके साथ पवन सिंह का हालिया रिलीज ब्रेकअप सॉन्ग 'नसीब' लगाया है। पवन सिंह इन दिनों अपने हालिया रिलीज ब्रेकअप सॉन्ग 'नसीब' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस गाने में पावर स्टार मोहब्बत से बिछड़ने के दर्द में तड़पते नजर आए हैं। प्रेमिका की शादी का कार्ड मिलने पर वे शराब के नशे में डूबकर बिलख-बिलखकर रोते दिखे हैं। उनका यह गाना सोशल मीडिया पर खूब ट्रेंड कर रहा है। इस बीच पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने भी इस गाने पर एक पोस्ट साझा किया है।

पवन सिंह और ज्योति सिंह की शादीशुदा जिंदगी में दरार आ गई है। ज्योति, एक्टर पति पवन सिंह पर कई गंभीर आरोप लगा चुकी हैं। दोनों का तलाक का मामला कोर्ट में चल रहा है। इस बीच ज्योति सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और अक्सर अपने वीडियो साझा करते हुए बैकग्राउंड में पवन सिंह के गाने मिक्स करती हैं। एक बार फिर ऐसा हुआ है।

ज्योति सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें वे झूला पर बैठकर किताब पढ़ती दिख रही हैं। वीडियो में ज्योति अपना सिंदूर फ्लॉन्ट करती नजर आई हैं। वहीं, वीडियो के साथ नसीब गाने के लिरिक्स चल रहे हैं- 'जेहि दिल में रहे राजा जी नसीब में काहे ना'। इसके बाद नेटिजंस अंदाज लगा रहे हैं कि पवन सिंह के गाने का सहारा लेकर क्या ज्योति सिंह ने दिल की बात कही है?

ज्योति सिंह के इस पोस्ट पर नेटिजंस के कमेंट्स आ रहे हैं। यूजर्स पवन सिंह और ज्योति के बीच का झगड़ा खत्म होने की दुआ कर रहे हैं और कामना कर रहे हैं कि दोनों साथ रहें। एक यूजर ने लिखा, 'दूसरों की बातों में आकर अपना घर बर्बाद मत करो भाभी जी। आप दोनों एक हो जाओ। सारी जनता यही चाहती है'।

## किफायत के लिए

सिंगापुर के डीबीएस फ़ाउंडेशन आउटडोर थिएटर में अलग-अलग पीढ़ियों और बैकग्राउंड की 39 मॉडल्स ने किफायत बरतने का संदेश देकर दर्शकों का दिल ने जीत लिया। इन सभी ने पहले से इस्तेमाल किए गए कपड़े पहने, जिसमें उनका आत्मविश्वास देखते ही बनता था। इस शो ने दिखाया कि पहले इस्तेमाल किए गए कपड़े भी बहुत फ़ैशनेबल हो सकते हैं और इसने आपसी तालमेल, सबको साथ लेकर चलने की भावना और नई बातचीत के लिए एक मंच तैयार किया।



लाइफ स्टाइल

## बारिश में इन टिप्स से रचेगी हाथों की मेहंदी



बारिश का दौर चल रहा है, जिसमें महिलाएं श्रृंगार पर खास ध्यान देती हैं। महिलाओं के 16 श्रृंगार में मेहंदी का अपना अलग योगदान है। बारिश के मौसम में बहुत सी महिलाएं इस बात से परेशान रहती हैं, कि उनके हाथों पर मेहंदी का रंग नहीं चढ़ता है। ऐसे में आपको कुछ ऐसे नुस्खे जरूर जानने चाहिए, जिनको ट्राई करने के बाद आपकी मेहंदी का रंग एकदम चटक आएगा। खास बात ये है कि इन नुस्खों को ट्राई करने के लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मेहंदी का एकदम काला-गाढ़ा रंग चाहिए तो नींबू का रस और चीनी का मिश्रण इसमें आपकी मदद करेगा। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में नींबू का रस निचोड़ लें और फिर इसमें थोड़ी सी चीनी डालकर उसका घोल तैयार करें।

### पहला नुस्खा

जब हाथों की मेहंदी सूख जाए तो रुई की मदद से इस घोल को मेहंदी पर अप्लाई करें। ध्यान रखें इसे गलती से भी गीली मेहंदी पर अप्लाई न करें, वरना आपकी मेहंदी खराब हो सकती है। ये नुस्खा आपकी मेहंदी के रंग को गहरा कर देगा। हर घर में सरसों का तेल अवश्य रूप से ही पाया जाता है। ऐसे में आप इसकी मदद से भी अपनी मेहंदी को काला कर सकती हैं। इसके लिए जब मेहंदी पूरी तरह से सूख जाए, यानी कि जब इसे हटाने का समय हो तो मेहंदी को हटाकर अपने हाथों पर सरसों का तेल अप्लाई करें।

### दूसरा नुस्खा

इसका फायदा तभी है, जब मेहंदी का रंग हल्का-हल्का आना शुरू हो जाए। सरसों का तेल अप्लाई करने के बाद हाथों को कुछ घंटे पानी से दूर रखें, ताकि इसका ज्यादा से ज्यादा असर आपकी मेहंदी पर हो सके।

### तीसरा नुस्खा

मेहंदी का रंग गाढ़ा और गहरा करना है तो लौंग की भाप भी आपके काम आएगी। इसके लिए सबसे पहले तो एक तवे को गैस पर रखकर गर्म करें। अब इसपर 7-8 लौंग रखकर उसे भूनें। जब इसमें से तेज धुआं आने लगे तो इस भाप से अपनी मेहंदी को सेकें। भाप लेते समय हाथ को एकदम से तवे के ऊपर न करें, इससे हाथ पर छाला भी पड़ सकता है। लौंग की भाप लेते समय सावधानी बरतें, ताकि आपका हाथ भी सुरक्षित रहे और इसके जलने का खतरा भी न रहे। इसकी मदद से आपकी मेहंदी सूखेगी भी जल्दी ही।

## ट्रेडिशनल लुक पाने मॉडर्न साड़ियों को ऐसे करें स्टाइल



बारिश के दिनों में साड़ियां एक अलग लुक देती हैं। क्योंकि साड़ी का फैशन एवरग्रीन है ही। अगर आप भी साड़ी पहनने की सोच रही हैं, तो आपको एक बेहतरीन साड़ी चुनने में कुछ टिप्स की मदद मिलेगी। आपके लिए कुछ लेटेस्ट डिजाइन वाली मॉडर्न साड़ियों के साथ उन्हें स्टाइल करने की टिप्स भी मौजूद है। ये साड़ियां न्यू और खूबसूरत लुक पाने के लिए बेस्ट है, और इनमें आपका लुक बेहद सुंदर और सबसे अलग नजर आएगा।



### प्रिंटेड साड़ी

न्यू और ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए आप इस तरह की प्रिंटेड साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। यह साड़ी आप किसी पूजा के दौरान, या घर में हो रही पूजा के लिए भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी में आपका लुक बेहद खूबसूरत और अलग नजर आएगा। ये साड़ियां आपको ऑनलाइन के साथ-साथ बाजार में भी कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल सकती हैं। इस साड़ी के साथ आप पर्ल या स्टोन वर्क वाले इयररिंग्स पहन सकती हैं।



### स्टोन वर्क साड़ी


एक मॉडर्न ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए आप स्टोन वर्क वाली साड़ी पहन सकती हैं। यह साड़ी आपके लुक को एक स्पेशल टच देगी और इसमें आपका लुक बेहद खूबसूरत व सबसे अलग नजर आएगा। इस तरह की साड़ियां आपको कई सारे कलर ऑप्शन में ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों ही जगहों पर मिल सकती हैं।इस साड़ी के साथ स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप मिरर वर्क ज्वेलरी का चुनाव कर सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंट साड़ी

भीड़ से अलग और खूबसूरत लुक पाने के लिए आप फ्लोरल प्रिंट साड़ी का चुनाव भी कर सकती हैं। यह साड़ी आपकी सुंदरता को बढ़ा देगी।

## ग्रीन टी और बादाम तेल से बनाएं आई सीरम

अगर आप पफी आंखों के साथ-साथ डार्क सर्कल की समस्या से परेशान हैं तो ऐसे में आप ग्रीन टी और बादाम तेल की मदद से आई सीरम बना सकती हैं।



### डार्क सर्कल के लिए होममेड आई सीरम कैसे बनाएं-

सबसे पहले दो बड़े चम्मच पानी उबाल लें और उसमें ग्रीन टी बैग डालकर 10 मिनट तक रख दें। अब इसे पूरी तरह ठंडा होने दें। अब एक छोटे बाउल में एक चम्मच बादाम तेल डालें। इसमें विटामिन ई कैप्सूल काटकर तेल में निचोड़ लें। अब इसमें एलोवेरा जेल डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। इसमें ठंडी हुई ग्रीन टी धीरे-धीरे डालें और अच्छी तरह मिलाएं ताकि एकदम सीरम जैसा बन जाए। अब इसे किसी साफ डिब्बी में भरकर फ्रिज में रख लें। आप इसे 7-10 दिन तक आराम से इस्तेमाल कर सकती हैं। होममेड सीरम को इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले चेहरा धोकर साफ कर लें। उंगली से थोड़ा सा सीरम लेकर आंखों के नीचे हल्के हाथों से थपथपा कर लगाएं। ध्यान दें कि आपको इसे रगड़ना नहीं है। इसे रिंग फिंगर से लगाना बेस्ट होता है क्योंकि उसका प्रेशर बहुत हल्का होता है।इसे रातभर लगाकर यूं ही छोड़ दें। इस होममेड सीरम से क्या फायदे मिलते हैं?

इस होममेड सीरम में मौजूद ग्रीन टी के एंटीऑक्सीडेंट्स और टैनिन्स आंखों के नीचे सूजन कम करते हैं। इससे पफीनेस कम होती है। समय के साथ डार्क सर्कल्स भी कम होते हैं। बादाम तेल में पाए जाने वाला विटामिन ई स्किन को पोषण देने के साथ-साथ रंगत निखारता है। विटामिन ई डैमेज स्किन को रिपेयर करने के साथ-साथ डार्क स्पॉट्स को हल्का करता है। सीरम में मौजूद एलोवेरा जेल स्किन को ठंडक देता है और आंखों की थकान को कम करता है।

## कॉम्बिनेशन स्किन वाली महिलाओं को फॉलो करना चाहिए यह स्किन केयर

कॉम्बिनेशन स्किन का खास और अलग तरह से ध्यान रखा जाता है। कॉम्बिनेशन स्किन का मतलब ड्राई और ऑयली स्किन से है। आपने भी कभी न कभी यह महसूस किया होगा कि आपकी स्किन कहीं ड्राई है तो कहीं ऑयली, ऐसे में आपको अपनी त्वचा का ज्यादा खयाल रखना चाहिए। आज इस आर्टिकल में हम आपको स्किन केयर रूटीन के बारे में बताएंगे जिसे फॉलो करना जरूरी है।



### क्लींज करें

चेहरे को साफ रखना बेहद जरूरी है। खासतौर पर कॉम्बिनेशन स्किन वाली महिलाओं को त्वचा को क्लींज करना चाहिए। इससे स्किन में मौजूद गंदगी और धूल साफ हो जाती है। इसके लिए आप माइल्ड क्लींजर का उपयोग कर सकती हैं। आप चाहें तो नेचुरल चीजों से भी फेस को क्लीन कर सकती हैं।

### टोनर का इस्तेमाल

क्लींजर से केवल त्वचा में मौजूद गंदगी साफ होती है। इसलिए आपको एक्सट्रा ऑयल को रिमूव करने के लिए टोनर का उपयोग करना चाहिए। त्वचा का पीएच लेवल भी बैलेंस होना चाहिए। अन्यथा स्किन डैमेज हो सकती है। इसके लिए भी टोनर बेहद फायदेमंद होता है। इस बात का ध्यान रखें कि त्वचा पर केवल अल्कोहल-फ्री टोनर का ही उपयोग करें।

### सीरम लगाएं

त्वचा के लिए सीरम कई तरह से फायदेमंद होता है। यही कारण है कि आजकल ज्यादातर महिलाएं इसे अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करती हैं।

कार्नर न्यूज

### आज पुरुषों के लिए ढेरों फैशनेबल एसेसरीज मार्केट में उपलब्ध

## मेंस फैशन में परफेक्ट लुक के लिए एसेसरीज पहनने अपनाएं खास तरीके, बन जाएंगे महफिल की जान

पुरुष भी कपड़ों के साथ एसेसरीज के कलेक्शन से अपने लुक को संवारने की पूरी कोशिश करते हैं। जब ऐसा है तो यह जरूरी है कि एसेसरीज पहनने और इससे जुड़े टिप्स जान लिए जाएं, ताकि आप खुद का बेस्ट लुक देख पाएं। आप इस तरह खुद को आत्मविश्वास से लबरेज पाएंगे और अपने लुक को लेकर भी 'नो टेंशन' फील करेंगे। इसलिए आपके पास जितनी भी एसेसरीज हैं, उनको अब इन टिप्स के साथ पहनना आपके काम आने वाला है। एसेसरीज के बेस्ट लुक के लिए कौन से टिप्स हैं जरूरी, जानने से पहले इंटरनेट पर एसेसरीज पहनने से जुड़ी कई सर्च की जाती हैं, पहले इनको जान लीजिए।

### कम में ज्यादा का मजा

एसेसरीज आपके कपड़ों का लुक बेहतर करने का एक साधन है। लेकिन अच्छे लुक के लिए एसेसरीज ज्यादा होना नहीं बल्कि इनका सही चुनाव जरूरी होता है। दरअसल कई लोग एसेसरीज अच्छी लगते ही इन्हें इतना ज्यादा पहन लेते हैं कि सबकुछ ज्यादा-ज्यादा लगने लगता है।



कई पुरुष तो हाथों में अंगूठी ही बहुत सारी पहन लेते हैं। जबकि एसेसरीज के साथ सिंपल और सोबर वाला लुक आना चाहिए। इसलिए कम से कम में ज्यादा से ज्यादा अच्छा लुक पाने के लिए एसेसरीज कम पर अच्छी पहनें।

मौके के हिसाब से एसेसरीज

ज्यादातर बार पुरुष एसेसरीज ऐसी खरीदते हैं जो हर मौके पर चल जाए। लेकिन ये सही नहीं है आपको अलग मौकों के हिसाब से अलग एसेसरीज पहननी होती है। तब ही इसका लुक अच्छा आता है। जैसे फंकी लुक वाली घड़ी फॉर्मल कपड़ों पर बिल्कुल अच्छी नहीं लगती है।

### कपड़ों का रंग, एसेसरीज का रंग

एसेसरीज पहनने के लिए आपको कपड़ों के रंग पर भी ध्यान देना होगा। आपको कपड़ों के रंग के हिसाब से एसेसरीज का रंग भी चुनना होगा। इसके लिए जरूरी है कि आप कलर स्कीम को समझ लीजिए।

जैसे आप गोल्ड एसेसरीज को जींस के साथ नहीं पहन सकते हैं। या फॉर्मल सूट के साथ चमकते रंग वाला चश्मा बिल्कुल भी नहीं पहना जा सकता है। आपको रंगों को थोड़ा आपस में मैच करना होगा जैसे बेल्ट, टाई और घड़ी की स्ट्रेप का कलर एक जैसा होना चाहिए।

### चंकी ज्वेलरी की मैचिंग

पुरुषों के लिए भी कई तरह की चंकी ज्वेलरी बाजार में मौजूद है। लेकिन इनको पहनने के लिए खास तरह के कपड़ों की जरूरत होती है। और ये हर ड्रेस के साथ मैच बिल्कुल नहीं होते हैं। फॉर्मल कपड़ों के साथ तो बिल्कुल भी नहीं।

